दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। शुक्रवार 12 सितंबर-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 263 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3




SESCSM LAW COLLEGE
Approved by Bar Council of India | Affiliated to Maa Shakumbhari University
Formerly Affiliated to CCS University Meerut
Campus: Bhangela, khatauli, Meerut-Muzaffarnagar NH-58 (Delhi NCR)
GRADUATION MARKS: GENERAL 45% SC/ST 40%
9992698926, 9219603334
ADMISSION OPEN
LL.B (3 YEARS)




# बिना सूचना विदेश गए राहुल गांधी

## सीआरपीएफ ने लगाया सिक्योरिटी प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सीआरपीएफ ने इस बात को लेकर चिंता जताई है। सीआरपीएफ के वीवीआईपी सिक्योरिटी के प्रमुख सुनील जून ने इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ-साथ राहुल गांधी को भी पत्र लिखकर भविष्य में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है।



'राहुल नहीं मानते सिक्योरिटी प्रोटोकाल' सीआरपीएफ ने राहुल गांधी के पिछले नौ महीने में छह विदेशी दौरे का भी उल्लेख किया है, जिसकी जानकारी सुरक्षा एजेंसी को नहीं दी गई। 10 जून को खरगे और राहुल को लिखे पत्र में जून ने राहुल पर सिक्योरिटी प्रोटोकॉल नहीं मानने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे वीवीआईपी सुरक्षा से जुड़े कायदे कानून का उल्लंघन कर रहे हैं।

'बिना बताए विदेश चले गए राहुल गांधी' पत्र में खासतौर पर प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर बिना बताए विदेश यात्रा पर जाने की शिकायत की गई है। नियम के तहत जेड प्लस एडवांस सिक्योरिटी लायजन वाले वीआइपी को विदेश दौरे से 15 दिन पहले अपनी सिक्योरिटी एजेंसी को सूचित करना जरूरी होता है, लेकिन ऐसा नहीं किया है।



# शस्त्र लाइसेंस की हो सख्त जांच

## अवैध हथियारों पर होगी कार्रवाई : डीएम



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। इस टास्क फोर्स का गठन शस्त्र अधिनियम 1959 और शस्त्र नियमावली 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किया गया है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासनादेशों का अक्षरशः पालन हो। सभी अधिकारी अपने दायित्व पूर्ण ईमानदारी और कर्त्तव्यनिष्ठा से निभाएँ।

टास्क फोर्स शस्त्र लाइसेंसों की निष्पक्ष जांच, शस्त्र व गोला-बारूद की जमा/जब्ती की निगरानी, अवैध शस्त्र निर्माण व बिक्री के हॉट स्पॉट चिन्हित करने जैसी कार्यवाहियां करेगी। साथ ही, खुफिया इनपुट पर विशेष अभियान चलाकर अवैध हथियार कारोबार पर सख़्त नकेल कसी जाएगी।

बैठक में एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम सिटी विकास कश्यप, डीसीपी निमिष पाटिल, एस.एन. तिवारी, धवल जायसवाल, एसीपी प्रताप सिंह, सूर्यबली मौर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम अधिकारियों की मेहनत लाई रंग

# गाजियाबाद की हवा में हुआ सुधार






### हर महीने 200 मेट्रिक टन कूड़ा हो रहा है निस्तारण

**करंट क्राइम।** नगर निगम ने प्रति माह औसतन 200 से 300 मीट्रिक टन सी एंड डी वेस्ट का निस्तारण किया है। साथ ही व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम और अत्याधुनिक उपकरणों से वायु गुणवत्ता पर सकारात्मक असर पड़ा है। निगम का लक्ष्य आने वाले वर्षों में और भी बेहतर स्थान हासिल करना है।

### - गाजियाबाद में लगातार सुधार रही है आबोहवा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम को वायु गुणवत्ता सुधार में बड़ी सफलता मिली है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में शहर ने भारत में 18वें से छलांग लगाकर 12वां स्थान हासिल किया है। इस बार 200 अंकों में से 183 अंक मिले हैं। इंदौर ने पहला और चेन्नई ने 41वां स्थान प्राप्त किया।

## आधुनिक मशीनों से भी मिल रहा है लाभ





**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि नगर निगम ने आधुनिक तकनीक से लैस मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन, वॉटर स्प्रिंकलर, वाटर कैनन, एंटी स्मोक गन और सी एंड डी वेस्ट निस्तारण जैसी व्यवस्थाओं से शहर की हवा को स्वच्छ बनाने का काम किया है। पिछले दो वर्षों में ढाई लाख पौधे लगाए गए और 131 करोड़ की लागत से धूल उड़ाने वाली सड़कों को दुरुस्त किया गया। इसके अलावा सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

**स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025**

### लगातार नियम तोड़ने वालों पर होती है कार्रवाई

**करंट क्राइम।** नगर निगम की जोनवार टीमें, प्लास्टिक मुक्त अभियान और खुले तंदूरों पर कार्रवाई जैसी पहलें लगातार चल रही हैं। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नागरिकों को भी वायु गुणवत्ता सुधार के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में गाजियाबाद को 166 अंक और 18वां स्थान मिला था। इस बार महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त की निगरानी में निर्माण, स्वास्थ्य, जलकल और उद्यान विभागों की संयुक्त कार्यवाही से यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

# द बर्निंग ट्रेन बनने से बची पुनिया आनंद विहार एक्सप्रेस, दो फायर टेंडर ने पाया काबू





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। रेलवे स्टेशन साहिबाबाद पर खड़ी ट्रेन संख्या 05580 गरीब रथ (पुनिया-आनंद विहार एक्सप्रेस) के लगेज कोच में अचानक आग लग गई। सुबह करीब 5:55 पर फायर स्टेशन साहिबाबाद को सूचना मिली कि ट्रेन के पीछे के हिस्से में बने सामान से भरे डिब्बे में आग धधक रही है। सूचना मिलते ही प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में साहिबाबाद फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर यूनिट तत्काल मौके पर रवाना हुईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि जिसके बाद फायर यूनिट ने पहुंचकर तत्काल पूरे सामान को बाहर निकालकर फायर फाइटिंग शुरू की। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक़्क़त के बाद आग पर काबू पा लिया और समय रहते बाकी डिब्बों तक आग फैलने से रोक दिया।

### टल गया बड़ा हादसा, समय पर मिली मदद





**करंट क्राइम :** फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया और द बर्निंग ट्रेन जैसी स्थिति बनने से बच गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को कोई चोट या जनहानि नहीं हुई। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग लगने का कारण प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। पूरी स्थिति को नियंत्रित कर ट्रेन को आगे की यात्रा के लिए सुरक्षित घोषित कर दिया गया था।

# नेपाल हिंसा : नंदग्राम में रहने वाला परिवार फंसा, महिला की हुई मौत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र की मास्टर कॉलोनी निवासी रामवीर सिंह गोला और उनकी पत्नी राजेश गोला (55 वर्ष) की नेपाल यात्रा एक दर्दनाक हादसे में बदल गई। दंपती सात सितंबर को काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन के लिए गए थे। दर्शन के बाद वे हयात रेजिडेंसी होटल में ठहरे हुए थे।

### चौथी मंजिल से छलांग और बिछड़ गया जोड़ा

**करंट क्राइम :** रात करीब साढ़े 11 बजे होटल में उपद्रवियों ने आग लगा दी। आग की लपटों में घिरे होटल से निकलने के लिए दंपती ने चौथी मंजिल से छलांग लगाई, लेकिन अफरा-तफरी में वे अलग हो गए। बचाव दल ने गद्दे बिछाए थे, जिस पर कई लोग सुरक्षित गिरे। हालांकि, रामवीर और राजेश गंभीर रूप से घायल हुए।



### नेपाल से गाजियाबाद पहुंचा दुखद समाचार

**करंट क्राइम :** बुधवार को नेपाल से रामवीर के बेटे विशाल को सूचना मिली कि उनकी मां राजेश गोला उपचार के दौरान दम तोड़ गईं। वहीं, रामवीर सिंह गोला दो दिन बाद घायलावस्था में राहत कैंप में मिले।

### महिला का शव भारत लाया गया

**करंट क्राइम :** पशुपति नाथ मंदिर दर्शन के लिए नेपाल के काठमांडू गए गाजियाबाद के दंपती पर भयंकर हमला हुआ। हयात होटल पर प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया, जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। महिला, जो गाजियाबाद की निवासी थीं, सेना की मदद से होटल से रस्सी से उतरते समय गिरने के कारण गंभीर चोटें आईं। नेपाल के अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गुरुवार को उनके शव को एंबुलेंस के माध्यम से सोनौली बॉर्डर से भारत लाया गया और आगे गाजियाबाद भेजा जा रहा है।

# उपासना पांडे बनी एसीपी नंदग्राम और अतुल सिंह को मिली हिंडन एयरपोर्ट सुरक्षा की अतिरिक्त कमान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दो एसीपी के कार्यक्षेत्र में बदलाव वाला पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने आदेश जारी किया है। जिसके तहत एसीपी पूनम मिश्रा के पदोन्नति होने के बाद तबादला होने पर एसीपी नंदग्राम का पद खाली था। वहां पर पुलिस कमिश्नर ने एसीपी उपासना पांडे को नई जिम्मेदारी सौंपी हैं। तो वहीं एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह को हिंडन एयरपोर्ट की सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दोनों ही दिशा निर्देश पुलिस कमिश्नर ने बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर दिए गए हैं।

### महिला अधिकारी के स्थान पर मिली महिला को पोस्टिंग

**करंट क्राइम :** एसीपी नंदग्राम इससे पहले पूनम मिश्रा थीं, उनका तबादला गौतम बुद्ध नगर पदोन्नति के बाद हुआ है। तो उनके स्थान पर पुलिस के अधिकारियों ने महिला अधिकारी को ही पोस्टिंग देने में वरीयता दिखाई है। यहां एसीपी उपासना पांडे को नई तैनाती दी गई है। एसीपी उपासना पांडे इससे पहले पुलिस कमिश्नरेट में ग्रामीण जोन के अंतर्गत एसीपी वेव सिटी रह चुकी हैं। तो वहीं ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले हिंडन एयरपोर्ट पर उन्हें सुरक्षा का मुख्य जिम्मा सौंपा गया था। हिंडन एयरपोर्ट सुरक्षा की जिम्मेदारी मिलने के बाद एसीपी उपासना पांडे ने वहां सुरक्षा व्यवस्था में इजाफा किया था। तो कई बार अधिकारियों के साथ मिलकर औचक निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि उनको अब एसीपी नंदग्राम का चार्ज मिला है ताकि वह बेहतर कानून व्यवस्था और पुलिसिंग यहां प्रदर्शित कर सकें।

# भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय वार्ता: पीएम मोदी बोले
## दोनों देश सिर्फ पार्टनर नहीं, एक परिवार हैं, कई मुद्दों पर चर्चा





**वाराणसी।** वाराणसी में बृहस्पतिवार को भारत और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई दी। वहीं मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने काशी में भव्य स्वागत के लिए पीएम को धन्यवाद किया। आइए जानते हैं दोनों देशों के बीच किन मुद्दों पर हुई चर्चा...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमने द्विपक्षीय सहयोग की सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार



साझा किए। मैं मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। भारत ने हमेशा उपनिवेशवाद और मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है और इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है।

मॉरीशस के विकास में साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात: पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है। आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। भारत के बाहर पहला जन औषधि केंद्र अब मॉरीशस में स्थापित हो चुका है।

### काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। प्राचीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में मां गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है और आज, जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है...।

# 'हाइड्रोजन बम आएगा, सारा का सारा साफ हो जाएगा': राहुल गांधी



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में बयान दिया है कि हमने ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिए हैं। भाजपा वाले परेशान न हों, वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने वाला है। सारा सब कुछ साफ हो जाएगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में हैं। बृहस्पतिवार को दिशा की बैठक में शामिल होने के बाद जब वो बाहर निकले तो मीडिया को बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बहुत आंदोलित हो रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में वोट चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में वोट चोरी हुई है। हमने ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिए हैं। इंतजार कीजिए बहुत जल्द वोट चोरी के और खुलासे आने वाले हैं। भाजपा वाले परेशान न हों, वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने वाला है। सारा सब कुछ साफ हो जाएगा। कांग्रेस सांसद का आरोप, चुनाव आयोग ने एक करोड़ फर्जी वोट बढ़ाए राहुल गांधी बुधवार शाम ऊंचाहार पहुंचे। वहां बूथ अध्यक्षों से मिलकर लोकसभा चुनाव में भारी मतों के अंतर से जीत दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान उनके निशाने पर चुनाव आयोग रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट चोरी कर चुनाव जीती है। लोकसभा चुनाव के बाद चुनाव आयोग ने देश में एक करोड़ फर्जी वोट बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही कांग्रेस आगे बढ़ रही है। हम आप सभी के बदौलत परिवर्तन करेंगे। एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी के पहुंचते ही कांग्रेस पदाधिकारियों, प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच पर पहुंचते ही पूर्व विधायक अजय पाल सिंह ने संविधान की किताब भेंट की।

राहुल गांधी ने अपने 'वोट चोर गद्दी छोड़ मिशन' पर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगवाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के विधानसभा चुनाव से चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा की वोट चोरी पकड़ी गई है। इस कारण भाजपा परेशान है। कहा कि इस सरकार में संविधान खतरे में है। हमारे अधिकारों को कुचलने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी एनटीपीसी परियोजना के वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे।

# रक्षा मंत्रालय ने झूंसी में करीब 100 घरों पर लगाया लाल निशान
## खाली करने का निर्देश, मचा हड़कंप

**प्रयागराज।** नई झूंसी इलाके के पूरेसूरदास में करीब 100 घरों पर सेना ने लाल निशान लगाकर खाली करने का निर्देश दिया है। यह जमीन रक्षा मंत्रालय की बताई जा रही है, जिस पर लोगों ने कथित तौर पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। सेना ने नोटिस जारी कर 17 सितंबर दस्तावेजों के साथ कार्यालय बुलाया है। लाल निशान लगने के बाद इलाके में खलबली मच गई है।




रक्षा मंत्रालय ने नई झूंसी इलाके के पूरे सूरदास के करीब 100 मकानों पर निशान लगा दिया है। इसमें नई झूंसी पुलिस चौकी और भारतीय स्टेट बैंक की शाखा भी शामिल है। सेना ने जल्द से जल्द मकान खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। लाल निशान लगने के बाद पूरे मुहल्ले में खलबली मच गई है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि यहां की तकरीबन 75 एकड़ जमीन सेना की है। सेना की जमीन पर लोगों अवैध रूप से कब्जा करके कॉलोनी तैयार कर दी है। इन लोगों को मकान खाली करने के लिए पहले नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन इस पर अमल नहीं किया गया। सेना के अधिकारियों ने जिन घरों पर दुकानों पर लाल निशान लगाया है उनके मालिकों को मकान के कागजात और जमीन के दस्तावेजों के साथ 17 सितंबर को कार्यालय में तलब किया है। लाल निशान लगते ही पूरे मुहल्ले में खलबली मच गई है।

# सोनिया गांधी को बड़ी राहत: कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** यह याचिका विकास त्रिपाठी नामक शख्स ने दायर की थी, जिसमें उनके भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। यह याचिका विकास त्रिपाठी नामक शख्स ने दायर की थी, जिसमें उनके भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

### 1980 में जुड़ा नाम, जबकि 1983 में बनीं नागरिक

विकास त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल 1983 में भारत की नागरिक बनी थीं।

### नागरिकता से पहले वोटर बनने का था आरोप

### त्रिपाठी ने उठाए थे गंभीर सवाल

त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था, 1982 में हटाया गया और फिर 1983 में फिर से जोड़ा गया। त्रिपाठी के वकील ने कहा कि उनका भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन भी अप्रैल 1983 का है। 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में उनका नाम कैसे शामिल हुआ, जिसे फिर 1982 में हटाया गया और 1983 में फिर से दर्ज किया गया।



### जाली दस्तावेज जमा करने का भी आरोप

वकील ने कहा था कि 1980 में मतदाता सूची में उनका नाम शामिल होने का मतलब है कि कुछ जाली दस्तावेज जमा किए गए थे और यह एक संज्ञेय अपराध का मामला है। इसलिए, उन्होंने अदालत से प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश देने का अनुरोध किया।

# काठमांडू जाने वाले स्पाइसजेट विमान में टला हादसा, आई तकनीकी खराबी
## घंटों दिल्ली एयरपोर्ट पर फंसे यात्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली से काठमांडू जाने वाली स्पाइसजेट फ्लाइट में टेलपाइप में आग की आशंका पर विमान को वापस लाया गया। इंजीनियरिंग जांच में कोई असामान्यता न मिलने पर विमान को उड़ान के लिए भेज दिया गया। हालांकि, उड़ान में चार घंटे की देरी रही।

दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार को काठमांडू जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट में आग लगने की आशंका के कारण विमान को वापस लौटना पड़ा।

एयरलाइन ने बताया कि विमान की ठीक से इंजीनियरिंग जांच की गई। जहां कोई असामान्यता नहीं पाई गई। फ्लाइट एसजी041 को बोइंग 737-8 विमान से संचालित किया जा रहा था। इस घटना की वजह से फ्लाइट चार घंटे की देरी से उड़ी।

बता दें कि दिल्ली से काठमांडू जाने वाली स्पाइसजेट



विमान को जमीन पर खड़े एक अन्य विमान से संदिग्ध टेलपाइप आग की सूचना मिली। सूचना के बाद बे पर वापस लाया गया। कॉकपिट में कोई चेतावनी या संकेत नहीं दिखा। लेकिन पायलटों ने वापस लौटने का फैसला लिया।

एयरलाइन ने बयान में कहा कि टेलपाइप इंजन का निकास पाइप होता है। जिसमें आग लगने की आशंका थी। इसके बाद विमान की इंजीनियरिंग जांच पूरी की गई, जिसमें कोई शिकायत नहीं मिली। जांच पूरी होने के बाद विमान को संचालन के लिए क्लियर लाइन दी गई। हालांकि, विमान में कितने यात्री सवार थे, इसके बारे में डेटा नहीं मिल सका।

# शॉर्ट सर्किट से कमरे में लगी आग
## जिंदा जला शख्स, देर रात हुआ हादसा

**झज्जर/बहादुरगढ़।** गांव खानपुर कलां में प्लॉट में बने एक कमरे में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई, जिससे वहां सो रहा 53 वर्षीय व्यक्ति जिंदा जल गया।

गांव खानपुर कलां में प्लॉट में बने एक कमरे में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई, जिससे वहां सो रहा 53 वर्षीय व्यक्ति जिंदा जल गया। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। सुबह परिजनों ने कमरे से धुआं निकलता देखा तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा, लेकिन तब तक प्लॉट में बने कमरे में सो रहे व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के मुताबिक खानपुर कलां निवासी अजीत हमेशा प्लॉट में ही सोता है। वीरवार सुबह जब परिजन पशुओं को चारा डालने के लिए गए तो देखा कि कमरे से धुआं निकल रहा था। परिजनों के अनुसार बुधवार रात को अजीत प्लॉट में सो रहा था। वीरवार सुबह जब पशुओं को चारा डालने गई घर की महिला प्लॉट पर पहुंची, तब उसने कमरे से धुआं उठता देखा। उसने इसकी सूचना पड़ोसियों को दी। पड़ोसी मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़ा लेकिन तब तक अजीत की झुलसने के कारण मौत हो चुकी थी।



परिजनों ने शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजीत का एक बेटा है, जो ड्राइविंग का काम करता है। मृतक के एक बेटे की पहले ही मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के बेटे नसीब के बयान पर इत्फाकिया कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया। झाड़ली चौकी इंचार्ज एएसआई राहुल ने बताया कि खानपुर कलां गांव में व्यक्ति के जलने की सूचना मिली थी। मौके का मुआयना किया गया है। शॉर्ट सर्किट के कारण हादसा हुआ है। मृतक के बेटे के बयान पर इत्फाकिया कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# श्रीनगर में सियासी संग्राम
## मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर पहुंचे संजय सिंह, पुलिस ने किया नजरबंद

**श्रीनगर।** आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'आज मेहराज मलिक की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर में प्रेस कांफ्रेंस और धरना था, लेकिन सरकारी गेस्ट हाउस को पुलिस छावनी बना दिया गया है।' आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर पहुंचे आप सांसद संजय सिंह को सरकारी गेस्ट में नजरबंद कर दिया गया। इससे जम्मू-कश्मीर में सियासी पारा चढ़ गया है। संजय सिंह ने कहा कि 'तानाशाही चरम पर है। मैं इस समय श्रीनगर में हूं। लोकतंत्र में हक के लिए आवाज उठाना आंदोलन करना हमारा संवैधानिक अधिकार है।' वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकॉ) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला आप सांसद संजय सिंह से मिलने पहुंचे हैं। आप सांसद संजय सिंह ने आगे कहा कि 'आज मेहराज मलिक की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर में प्रेस कांफ्रेंस और धरना था, लेकिन सरकारी गेस्ट हाउस को पुलिस छावनी बना दिया गया है। मुझे और दिल्ली सरकार में मंत्री रहे इमरान हुसैन और अन्य साथियों को गेस्ट हाउस से बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी गई।' यह है मामला विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर के डोडा में तनावपूर्ण शांति है। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने मंगलवार रात से निषेधाज्ञा लागू कर दी थी। बुधवार को इन प्रतिबंधों का दायरा भद्रवाह तक बढ़ा दिया गया था। इस बीच, जम्मू पहुंचे पार्टी के सांसद संजय सिंह ने मेहराज की पीएसए के तहत गिरफ्तारी को अवैध और असंवैधानिक करार दिया। मेहराज पर ये आरोप मेहराज मलिक पर अफवाह फैलाने, आतंकियों का महिमामंडन करने, महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने, डोडा के उपायुक्त हरविंदर सिंह को अपशब्द कहने और सरकारी अस्पताल के कार्य में बाधा डालने के आरोप हैं।



# नेपाल हिंसा से ठप हुआ मेरठ का कारोबार
## 20 करोड़ की सप्लाई प्रभावित, बॉर्डर पर फंसे ट्रक

**मेरठ।** नेपाल में हिंसा के कारण बॉर्डर बंद होने से मेरठ के व्यापार पर सीधा असर पड़ा है। 20 करोड़ से अधिक की सप्लाई प्रभावित हुई है। ट्रक नेपाल और बॉर्डर पर फंसे हैं, जबकि ऑर्डर और पेमेंट भी रुक गए हैं।

मेरठ में नेपाल हिंसा के चलते बॉर्डर बंद कर दिया गया है। ऐसे में मेरठ से 20 करोड़ से अधिक की सप्लाई प्रभावित हुई। कुछ नेपाल में फंसे हैं तो कुछ भारत नेपाल बॉर्डर पर सामान लेकर खड़े हैं। इस बीच पेमेंट और नए आर्डर भी प्रभावित हुए हैं।

मेरठ से खेल उपकरण, खेल उत्पाद, खादी, कपड़ा, ट्रैक्टर पार्ट्स, मशीन पार्ट्स सहित बहुत सी चीजों की सप्लाई होती है। आईआईए के सचिव गौरव जैन ने बताया कि लगभग सभी चीजों को माने तो 20 करोड़ की सप्लाई प्रभावित है।

खंदक व्यापारी संजीव गुप्ता ने बताया कि नेपाल में लगातार कपड़े की सप्लाई होती है। विवाद के चलते आर्डर कैंसल हो गया है। पेमेंट भी रुक गई है। फोन पर भी किसी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। हैंडलूम व्यापारी अंकुर गोयल ने बताया कि नेपाल में अशांति का सीधा-सीधा शहर के उद्योग पर असर पड़ा है।





### ट्रांसपोर्टरों को प्रतिदिन हो रहा लाखों का नुकसान

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया कि मेरठ से प्रतिदिन लाखों रुपये का माल विभिन्न माध्यमों से नेपाल जाता है। काफी सामान सीधा ट्रकों से भेजा जाता है। छोटे माल को दिल्ली माध्यम से भेजा जाता है। वर्तमान में हिंसा के चलते बॉर्डर पर ट्रक फंसे हैं। जो ट्रक चालक नेपाल में हैं उनसे फोन पर बात नहीं हो पा रही है।

### विवाद बढ़ा तो बढ़ेगी समस्या

दवा उद्यमी संजय बंसल ने बताया कि शहर की कई दवा कंपनी नेपाल में दवा की सप्लाई देती हैं। अगर समस्या ज्यादा दिन रही तो कारोबार सीधे तौर पर प्रभावित होगा। नेपाल के लोगों को भी भारी दिक्कत आएगी।

# अरुणाचल और कर्नाटक में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान, IMD ने जारी किया येलो और ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में भारी बारिश की आशंका के बीच मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक के कई जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके तहत अरुणाचल के कई हिस्सों में तेज बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी है। वहीं बंगलूरू सहित कर्नाटक के कई जिलों में भी तेज बारिश और तूफानी हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

देशभर भारी बारिश की संभावनाओं के चलते भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। फिलहाल मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की माने तो 15 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसके लिए कई जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### तेज बारिश की संभावनाओं के बीच अरुणाचल प्रदेश में अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार अरुणाचल प्रदेश के तवांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबानसिरी, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली और अंजाव जिलों में भारी बारिश हो सकती है। शुक्रवार को ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, पाक्के-केसांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट सियांग और दिबांग वैली जिलों में आसमान में गरज-चमक और तेज बारिश की संभावनाओं को देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट' जारी किया है।



### इन क्षेत्रों में बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना

मौमस विभाग ने बताया कि शनिवार से बारिश की तीव्रता और बढ़ने की संभावना है। इसके लिए राज्य के नामसाई, चांगलांग, तिरप, लोहित और लोअर दिबांग वैली में भारी बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है। वहीं मध्य और पूर्वी अरुणाचल में संभावित बाढ़, नदियों का जलस्तर बढ़ने और भूस्खलन का खतरा है, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रविवार को बारिश का दायरा और बढ़ेगा, जिससे पश्चिमी अरुणाचल के कई जिलों में भी असर पड़ेगा। स्थानीय प्रशासन को अलर्ट पर रहने और आपात स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

### कर्नाटक में भी बारिश की संभावना, बंगलूरू में ऑरेंज अलर्ट

इसके अलावा मौसम विभाग ने कर्नाटक में भी भारी बारिश के चलते अलर्ट जारी किया है। फिलहाल कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू और आसपास के क्षेत्रों में भी भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने बंगलूरू के अर्बन और रूरल जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि कुछ स्थानों पर 11 से 20 सेमी तक बारिश हो सकती है। बता दें कि बीते 24 घंटे में बंगलूरू में 52.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। कोलार जिले के तमका में 102 मिमी और कलबुर्गी में 72.5 मिमी बारिश हुई।

### मौसम विभाग की चेतावनी

ऐसे में बदलते मौसम को देखते हुए मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ जगहों पर तेज हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चल सकती हैं, जिससे अस्थायी बिजली कटौती, कमजोर पेड़ों की शाखाएं गिरने और कच्चे मकानों को नुकसान हो सकता है। वहीं आने वाले तीन दिनों में कलबुर्गी, विजयपुरा, बागलकोट, कोप्पल, बल्लारी और विजयनगर जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

**सूचना**

न्यायालय श्रीमान ADJ 9 महोदय गाजियाबाद
निगरानी संख्या 12025 वर्ष 2025.
जगरूप चौधरी बनाम नवल गोटी आदि
धारा 438 BNSS थाना ट्रॉनिका सिटी गाजियाबाद।
(1) नवलगोटी पुत्र राजकिशन बालिग निवासी बी/130 सूर्य नगर जिला गाजियाबाद
(2) रमेश पुत्र मक्खन सिंह बालिग
(3) विजय महतो पुत्र विष्णु महतो बालिग
(4) फगुनी पुत्र विलट सिंह बालिग
(5) अशोक महतो पुत्र महेंद्र महतो बालिग
(6) रीना पत्नी अर्जुन सिंह बालिग
(7) अर्जुन पुत्र नामालूम बालिग
(8) शकुंतला पत्नी संजीत बालिग

**निवासीगण**
न्याय विहार फेस 2 इलाइचीपुर, लोनी
थाना-ट्रॉनिका सिटी, गाजियाबाद

आपको प्रशासन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त निगरानी में वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 29- 9 -2025 नियत है आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ न्यायालय समय 10:00 बजे उपस्थित हो अन्यथा निगरानी निस्तारण कर दिया जाएगा ।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





# मौजूदा मेयर का किया एक घंटा वेट, उसके बाद लखनऊ में क्रान्ति की अलख जगाने वाले पार्षदों ने किया पूर्व मेयर का बर्थडे सेलीब्रेट







**“ पार्षद हाउस टैक्स वृद्धि के प्रस्ताव और प्रस्ताव निरस्त के बीच की स्थिति को लेकर बात करना चाहते थे। पार्षद नगर निगम कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में वार्ता करना चाहते थे । और पार्षद इस विषय पर भी वार्ता चाहते थे कि नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक से उन्हें भी अवगत कराया जाए।”**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में जारी घमासान अभी थमा नहीं है। पूर्व पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर हाईकोर्ट की शरण में हैं। वहीं निगम प्रशासन भी इस मामले में पीछे नहीं हट रहा है और वो कोर्ट में जवाब दाखिल कर चुका है। पार्षद 30 जून वाली बैठक को लेकर मिनट्स मांग रहे हैं और वो निगम में धरना दे चुके हैं। वो लखनऊ में विभाग के मंत्री से लेकर जिले के प्रभारी मंत्री से मिले हैं। मुख्यमंत्री के सचिव से लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से मिले हैं और फिलहाल ये जंग रुकने का नाम नहीं ले रही है। लखनऊ से लौटने के बाद पार्षदों ने पार्षद वैलफेयर एसोसिएश के बैनर पर नगर निगम के मुख्यायल में प्रवेश किया।

वो नगर निगम मुख्यालय में बने पार्षद कक्ष में पहुंचे। उनके साथ एक पूर्व पार्षद और दो पार्षद पति भी थे। बड़ी बात ये है कि भाजपा पार्षदों के साथ विपक्ष के वो पूर्व पार्षद भी थे और वो पार्षद पति भी थे जो लखनऊ में भी पूरी गति से भाजपा पार्षदों के साथ थे। गुरुवार को ये पार्षद नगर निगम पार्षद कक्ष में लगभग दो बजे पहुंचे और यहां इन पार्षदों ने बैठक की। पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन वाले ये पार्षद लगभग ढाई बजे तक पार्षद कक्ष में रहे और यहां इन्होंने कई विषयों पर विचार-विमर्श किया। आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ।

## पार्षद बोले- हमने किया एक घंटे तक इंतजार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम पार्षद कक्ष में भाजपा के ही पार्षद पहुंचे। उनके साथ एक पूर्व पार्षद पहुंचे, दो पार्षद पति पहुंचे और पहले इन पार्षदों ने अपनी रणनीति पर चर्चा की। बताया जाता है कि उसके बाद ये सभी पार्षद मेयर से मुलाकात करना चाहते थे। उनका कहना है कि उन्होंने मेयर के पीए मनीष से ये कहा कि वो महापौर से मिलना चाहते हैं। अब महापौर अपने पक्ष में थीं या नहीं थी, महापौर तक पार्षदों की सूचना पहुंची या नहीं पहुंची, लेकिन पार्षदों का कहना ये है कि उन्होंने एक घंटे तक इंतजार किया और जब कोई जवाब नहीं मिला तो फिर वो वहां से उठकर चल दिये।

## पूर्व मेयर आशा शर्मा के घर पहुंचे बैठक वाले पार्षद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गुरुवार को भाजपा के पार्षदों सहित विपक्ष के चेहरे भी निगम पार्षद कक्ष में थे। ये पार्षद अपनी कुछ मांगों को लेकर निगम पहुंचे थे। यहां कहानी में एक मोड़ ये भी आया कि निगम मुख्यालय से निकलने के बाद ये सभी पार्षद पूर्व मेयर आशा शर्मा के घर पहुंचे। बताया जाता है कि यहां पहुंचने का कोई निगम कारण नहीं था, ब्लिक ये सभी पार्षद पूर्व मेयर आशा शर्मा को जन्मदिन की बधाई देने उनके घर पर गए थे। यहां पूर्व मेयर आशा शर्मा ने सभी का स्वागत सत्कार किया। उन्हें जन्मदिन का केक खिलाया और इन सभी पार्षदों ने पूर्व मेयर आशा शर्मा को उनके जन्मदिन पर उनके उत्तम स्वास्थ्य, यशस्वी जीवन और दीर्घ आयु की शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व मेयर ने कहा- निगम सदन का होना चाहिए सम्मान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर आशा शर्मा ने सभी पार्षदों को केक खिलाया और जन्मदिन की बधाई देने पर उनका आभार जताया। बताया जाता है कि यहां कई विषयों पर बातचीत हुई और सबसे पहले पूर्व मेयर आशा शर्मा ने कहा कि मेरा अपना एक प्रोटोकॉल है और मैं पूर्व जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ भाजपा की मूल कार्यकर्ता हूं। उन्होंने कहा कि सभी पार्षद नगर निगम सदन के सम्मानित सदस्य हैं और नगर निगम के सदन का सम्मान होना चाहिए। सभी को साथ लेकर ही राजनीति होती है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में मैंने निगम की मुखिया के नाते विपक्ष के पार्षदों को भी साथ लेकर निगम से जुड़े फैसले लिये हैं, निगम की बैठक की है। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए।

## नगर निगम के पार्षद पहुंचे थे गुरुवार को पार्षद कक्ष में

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गुरुवार को पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। एसोसिएशन के सदस्यों में भाजपा पार्षद नीरज गोयल, भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी, भाजपा पार्षद हिमांशु शर्मा, भाजपा पार्षद डॉ. अनिल तोमर सहित कई अन्य पार्षद थे। इसके अलावा यहां भाजपा के पूर्व पार्षद तथा वर्तमान पार्षद पति मनोज गोयल, पूर्व पार्षद जाकिर सैफी और पार्षद पति पवन गौतम भी पहुंचे थे। लगभग एक दर्जन पार्षदों ने निगम के पार्षद कक्ष में बैठकर आगे की रणनीति बनाई।

## इन तीन मांगों को लेकर पार्षद चाहते थे महापौर से मिलना

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद नगर निगम के पार्षद कक्ष में पहुंचे थे, वो महापौर से मिलना चाहते थे। महपौर से क्यों मिलना चाहते थे, इस सवाल पर पार्षदों की तीन बिंदुओं पर वार्ता होनी थी। पार्षद हाउस टैक्स वृद्धि के प्रस्ताव और प्रस्ताव निरस्त के बीच की स्थिति को लेकर बात करना चाहते थे। पार्षद नगर निगम कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में वार्ता करना चाहते थे और पार्षद इस विषय पर भी वार्ता चाहते थे कि नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक से उन्हें भी अवगत कराया जाए।

वहीं पार्षदों की एक मांग ये भी थी कि सभी निगम वार्डों में वित्त वाले फंड से समान विकास कार्य कराये जाएं और विकास को लेकर वार्डों में भेदभाव नहीं होना चाहिए।

# घंटाघर टू लाल कुआं ऐलिवेटिड रोड का मामला हो रहा है लेट

## पीडब्ल्यूडी वाले कर रहे हैं एनएचएआई वालों के लैटर का वेट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास का पहियां तेज चल रहा है और सांसद और विधायक ये चाहते हैं कि विकास की ये रफ्तार उनकी सरकार में धीमी ना हो। शहर विधायक रहे अतुल गर्ग अब सांसद हैं और महानगर अध्यक्ष रहे संजीव शर्मा अब शहर विधायक हैं। विकास के पथ पर दोनों ही काम कर रहे हैं। शहर विधानसभा से एक रास्ता निकलेगा और ये रास्ता ऐलिवेटिड रोड कहलाएगा। घंटाघर से शुरू होकर ये एलिवेटिड रोड लालकुआं तक समाप्त होगी। इस ऐलिवेटिड रोड की डीपीआर पूरी हो चुकी है और इस पर काम शुरू हो चुका है। बीते दिनों मेरठ में मंडल आयुक्त के यहां एक बैठक हुई थी। इस बैठक में खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए थे। बैठक में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग और यहां के विधानसभाओं के विधायक भी शामिल हुए थे।

सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में घंटाघर टू लाल कुआं ऐलिवेटिड रोड की फाइल का जिक्र हुआ था इस प्रोजेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री ने रूचि दिखाई थी और उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा था कि इस प्रोजेक्ट में जो भी रुकावट आ रही हो उसे दूर किया जाये और इस प्रोजेक्ट को रफ्तार के साथ पूरा कराया जाये, लेकिन सूत्र बताते हैं कि सरकार के कहने के बाद भी प्रोजेक्ट में रफ्तार नहीं आई। शहर विधायक संजीव शर्मा भी इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने जब पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को फोन किया तो पता चला कि यहां तो मेटर ये है कि लेटर का इंतजार हो रहा है।

सूत्र बताते हैं कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस मामले में प्रयास किये और उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को फोन किया और उन्हें मेरठ में मंडल आयुक्त के यहां हुई मीटिंग और मुख्यमंत्री के द्वारा दिये गये निर्देशों की याद दिलाई। बताते हैं कि पीडब्ल्यूडी के अफसर ने यहां तकनीकी बिंदु बताया और कहा कि पीडब्ल्यूडी को इस प्रोजेक्ट को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई को एनओसी देनी है, लेकिन तकनीकी पेंच ये है कि हम उन्हें एनओसी तभी देंगे जब वो हमने एनओसी मांगेंगे। उन्होंने हमसे एनओसी मांगी नहीं है लिहाजा हम उनके लेटर का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही लेटर आएगा हम उन्हें एनओसी देंगे।



### संजीव ने की पहल अब अतुल गर्ग की रहेगी दखल

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ऐलिवेटिड रोड वाले प्रोजेक्ट को लेकर सूत्र बताते हैं कि भले ही सरकारी विभागों में वेट एण्ड वाच का गेम चल रहा हो, लेकिन जनप्रतिनिधि इस पूरे प्रोजेक्ट को वाच भी कर रहे हैं। यहां पर सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा अंदरखाने एक्टिव हो गए हैं। बताया जाता है कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने लेटर के इंतजार वाली थ्यौरी को सांसद अतुल गर्ग तक पहुंचा दिया है और अब शहर विधायक संजीव शर्मा ने अतुल गर्ग को रिमाइंड करा दिया है। अब इस मुद्दे पर सांसद अतुल गर्ग की दखल के बाद रफ्तार आएगी। क्योंकि पीडब्ल्यूडी का मामला शहर विधायक के पास था और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का मामला केंद्र का है और केंद्र वाले मामले में सांसद अतुल गर्ग की दखल रहेगी।

## करंट क्राइम की खबर का असर

# बाबा साहब अंबेडकर लाइब्रेरी के जिर्णोद्धार के लिए दो लाख रुपए देगा नगर निगम

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नवयुग मार्केट स्थित बाबा साहेब अंबेडकर के नाम की लाइब्रेरी बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई है। इस बारे में करंट क्राइम में खबर छपने के बाद नगर निगम ने इस लाइब्रेरी की मरम्मत और किताबों के लिए दो लाख रुपए जारी करने का फैसला किया है। इस लाइब्रेरी की देखभाल नगर निगम के अधीन आती है। लाइब्रेरी बेहद जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच गई है। सारे कमरे सीलन से भरे है। गेट पर बाबा साहेब के नाम पर लगे बोर्ड से उनकी तस्वीर गायब हो चुकी है। लाइब्रेरी में ना तो मेज कुर्सियां है और ना ही किताबें। इस लाइब्रेरी को बाबा साहेब से जुडी किताबों और शोध पत्रों के अध्ययन के लिए बनाया गया था। पहले इसकी देखभाल बाबा साहेब जन्मोत्सव समिति करती थी लेकिन पिछले कुछ महीनों से इसकी देखभाल नगर निगम ने अपने हाथ में ले लिया है। पहले यहां कर्मचारी भी नियुक्त किए गए थे लेकिन बाद में उनका ट्रांसफर कंपनी बाग लाइब्रेरी में कर दिया गया। बाबा साहेब जन्मोत्सव समिति के सदस्यों ने इस लाइब्रेरी की देखरेख अपने हाथ में देने की नगर निगम से गुजारिश की है। जन्मोत्सव समिति के सदस्य गंगाशरण बब्लू ने बताया कि खबर प्रकाशित होने के बाद नगर निगम ने लाइब्रेरी के जिर्णोद्धार के लिए दो लाख रुपए जारी करने का फैसला किया है। इससे लाइब्रेरी के भवन के अलावा पठन पाठन सामग्रियां विकसित की जाएगी।


9 अक्टूबर की जनसभा के लिए प्रत्येक जिले से 20 हजार लोगों को ले जाएगी बसपा


# 17 करोड़ से बुझेगी लाइनपार इलाके के लोगों की प्यास

## विजय नगर में गंगाजल आपूर्ति योजना का शुभारंभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजय नगर क्षेत्र में गुरुवार को 17 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 10 एमएलडी जलापूर्ति योजना का शुभारंभ हुआ।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुरू होने के साथ ही विजय नगर के 10 वार्डों में गंगाजल आधारित जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। इस योजना से वर्षों से चल रहे जल संकट का स्थायी समाधान होगा। इसके तहत 6 पानी की टंकियों और 6 सीडब्ल्यूआर तक गंगाजल पहुंचाया जाएगा, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

महापौर का कहना है कि इस योजना का मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उत्तर प्रदेश नगर विकास मंत्री एके शर्मा के सपनों को सफल बनाना है।

वहीं यह सब इनके आशीर्वाद से शुरू हुई यह योजना विजय नगरवासियों के लिए गंगाजल की सौगात है। इस परियोजना से विजय नगर में जल संकट की समस्या को हमेशा के लिए खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। तो वहीं जनता को अब गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत से राहत मिलेगी।






# होटल वाले इलाके के चौकी प्रभारी किए गए थाने से अटैच

## होटल में खुले आम देहव्यापार मामले को लेकर बताया जा रहा है हुआ एक्शन

### बीते दो दिनों से स्थानीय नागरिकों और महिलाओं ने होटल में की थी जोड़ों की पिटाई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** घंटाघर कोतवाली थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नवयुग मार्केट इलाके के कुछ होटल पर बीते कई दिनों से स्थानीय लोगों, महिलाओं और पार्षद का गुस्सा नजर आ रहा था। इस मामले को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सिटी जोन वाली जो लिस्ट आई है, उसमें भी असर देखने को मिला है। नवयुग मार्केट चौकी पर तैनात उप निरीक्षक संदीप कुमार को थाना कोतवाली से अटैच किया गया है। तो वहीं थाना विजयनगर से इस चौकी पर अंकित राठौर को तैनाती दी गई है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों द्वारा बीते दो दिनों से नवयुग मार्केट के दो होटल में जिस्म फरोशी का धंधा चलने को लेकर हंगामा और अश्लील फैलाने वाली महिलाओं को सबक सिखाने का काम किया गया था। तो वहीं इस मामले में स्थानीय लोगों और महिलाओं ने आरोप लगाया था कि यह सब स्थानीय पुलिस चौकी की मिली भगत से चल रहा है। कहा जा रहा है इसके बाद अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया और चौकी प्रभारी को यहां से हटाकर थाने भेज दिया गया है। वहीं कहा जा रहा है कि जिस तरह से भाजपा पार्षद द्वारा इस मामले में वीडियो वायरल हुआ थी उसने इस मामले को अधिक तूल दे दिया था।



### दो होटलों को पुलिस ने कराया बंद

करंट क्राइम : इस मामले में घंटाघर कोतवाली पुलिस द्वारा नवयुग मार्केट के दो होटलों का शटर गिरवा दिया गया है। साथ ही स्थानीय बीट पुलिस के कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि अगर यहां पर इस प्रकार की गतिविधियां दोबारा हुई तो इस मामले में अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी जाएगी। उधर एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि दोनों होटल के संबंध में उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी गई है,जो प्रशासन के अधिकारियों द्वारा देखकर तालाब की जाएगी।

### कई और इलाकों में भी जारी है होटलों में देह व्यापार का धंधा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ समय पहले होटल के लाइसेंस और निरीक्षण वाला अभियान चला था। जिसमें बड़ी संख्या में होटल नियमों के विरुद्ध संचालित पाए गए थे ।कई जगह ताले लगाए गए, तो कई जगह नए प्रपत्र अप्लाई किए गए थे। उसके बावजूद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे होटल, लॉज और कमरे संचालित हैं जहां अनैतिक कार्य चल रहे हैं। पुलिस के सूत्र बताते हैं की लोकल इंटेलीजेंस वालों ने भी अपनी रिपोर्ट दी थी, बावजूद इसके अभी भी कई जगह इस तरीके की गतिविधियां होना पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिसिंग पर सवाल उठा रहे हैं।

# शहर के थानों में कब शुरू होगा काम

## क्या केवल ट्रांस हिंडन के थानों के ही बदलेंगे हाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में थाने हैं। तो उन थाना को दोबारा से डिनोवेट और हाईटेक लुक देने का काम भी प्रमुखता से चल रहा है लेकिन सवाल उठ रहा है कि क्या ट्रांस हिंडन जोन के ही थानों का आधुनिकरण होगा। सिटी और ग्रामीण जोन के थानों की स्थिति अभी जस की तस बनी हुई है।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन के अंतर्गत कवि नगर, मधुबन बापूधाम, सिहानी गेट, घंटाघर कोतवाली, नंदग्राम और विजयनगर थाना आता है। इन सभी छह थानों में अभी तक कोई भी सुधार कार्य और आधुनिक लुक में बनाने का काम नहीं शुरू हुआ है जबकि ट्रांस हिंडन में कई थाने आधुनिक अंदाज में बनकर तैयार भी हो चुके हैं।

### सिटी में अभी हर थाने में नहीं हुआ वेटिंग एरिया का निर्माण






### घंटाघर कोतवाली को छोड़ कहीं पर नहीं हुआ पुलिस कमिश्नर के आदेश का असर

करंट क्राइम : घंटाघर कोतवाली में ही अभी आगंतुक कक्ष का निर्माण कराया गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जिन भी थानों का सिटी जोन के निरीक्षण किया है, वहां पर उन्होंने आगंतुक कक्ष और वेटिंग एरिया निर्माण करने का निर्देश दिया था लेकिन पुलिस कमिश्नर के इस आदेश का असर अभी कमिश्नरेट के कोतवाली थाने में ही हुआ था। वहां पर पूर्व कोतवाल अनुराग शर्मा इसका निर्माण करा कर आए थे। तो वहीं पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले कुछ ही दिनों में कवि नगर थाने में भी उनके द्वारा इसी तरह निर्माण कार्य शुरू कराया जा सकता है।

### साहिबाबाद, शालीमार गार्डन और लिंक रोड की बदल गई है तस्वीर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते पांच महीनों के दौरान ट्रांस हिंडन जोन के तीन थानों की तस्वीर बदलती हुई नजर आ रही है। जिसमें यहां का साहिबाबाद थाने को बेहद आधुनिक और नए अंदाज में डेवलप किया गया है। तो बीते दिनों शालीमार गार्डन थाने के आधुनिकरण का काम पूरा हो चुका है। तो वहीं लिंक रोड थाने का भी फ्रंट गेट और अन्य काम शुरू करवा दिया गया है जबकि सवाल उठ रहा है कि ट्रांस हिंडन के बाद अब सिटी जोन वाले थानों का नंबर कब आएगा। यहां के थानों के अच्छे दिन और सूरत कब बदलना शुरू होगी।

## संपादकीय

# आजादी की आवाज क्यों बनी गुस्से की लहर?

लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी को मौलिक अधिकार के रूप में परिभाषित किया गया है, जो हर नागरिक को बिना किसी दबाव और भेदभाव के अपनी राय एवं विचार व्यक्त करने की अनुमति देता है। इसमें बोलना, लिखना, कलाकारी और इंटरनेट का उपयोग करना जैसे विभिन्न रूप शामिल हैं। हालांकि, यह अधिकार असीमित नहीं है और दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन करने, भेदभाव तथा हिंसा या नफरत को बढ़ावा देने जैसी गतिविधियों की सूरत में यह कानूनी तौर पर बंदिश के दायरे में आ सकता है। नेपाल में जो जन आक्रोश फूटा है, वह सोशल मीडिया पर पाबंदी और उससे अभिव्यक्ति की आजादी प्रभावित होने से ही प्रेरित है।

वहां सड़कों पर लोगों के गुस्से की आग इस कदर भड़की कि इसकी लपटें प्रधानमंत्री आवास तथा राष्ट्रपति भवन और संसद भवन तक जा पहुंची। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच हिंसक झड़पों में कई लोगों की जान भी चली गई। सवाल है कि आखिर नेपाल में ऐसे हालात क्यों बनने दिए गए? समय रहते प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें विश्वास में लेने के प्रभावी प्रयास क्यों नहीं किए गए?

वैसे यह पहली बार नहीं है, जब किसी देश ने सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाई हो। इससे पहले भी कई देश ऐसा कर चुके हैं, भले ही कारण अलग-अलग रहे हों। वर्ष 2009 में चीन के शिनजियांग प्रांत में हुए दंगों के बाद वहां की सरकार ने फेसबुक, एक्स और गूगल जैसे मंचों पर प्रतिबंध लगा दिया था। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि देश में सोशल मीडिया और इंटरनेट पर सरकार विरोधी सामग्री के प्रसार पर रोक लगाई जा सके। ईरान में भी वर्ष 2009 से सोशल मीडिया मंचों पर पाबंदी लगी है। इसी तरह तुर्किये ने भी वर्ष 2014 में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा के नाम पर सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि वर्ष 2016 में लोगों के विरोध के कारण यह पाबंदी हटानी पड़ी। मिस्र में वर्ष 2011 में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए, जिसके बाद यहां सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यहीं नहीं पाकिस्तान में भी इस तरह के आंशिक प्रयास होते रहे हैं। इसमें दोराय नहीं कि सोशल मीडिया पर बिना किसी ठोस वजह से पूर्ण पाबंदी लगाने से अभिव्यक्ति की आजादी प्रभावित होती है। साथ ही आमजन के हितों पर भी गहरा असर पड़ता है। आज के दौर में सोशल मीडिया न केवल सूचना के प्रसार का एक बड़ा माध्यम बन गया है, बल्कि कुछ लोगों की आजीविका भी इस पर निर्भर करती है।

मसलन, सोशल मीडिया पर विभिन्न तरह के वीडियो डालने और उनसे होने वाली कमाई। बढ़ती बेरोजगारी की वजह से कई लोगों ने इसे अपना व्यवसाय बना लिया है। ऐसे में अगर सरकार अचानक सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दें, तो जन आक्रोश की लहर उठना स्वाभाविक है। यह बात भी सच है कि सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री का दायरा बढ़ रहा है, इसलिए इसे विनियमित किए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है। मगर, इस पहलू पर गौर करना भी जरूरी है कि कुछ लोगों की गलतियों का खमियाजा सभी को न भुगतना पड़े।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग इंटरनेट पर बहुत अधिक समय बिताते हैं वे एक उदास, अकेला और मानसिक रूप से अस्थिर होने की संभावना रखते हैं, एक अध्ययन में पाया गया है।
- आइसलैंड बहुत dipressed है : इसमें दुनिया की सबसे अधिक एंटीडिपेसेंट उपयोग की दर है।
- मध्यम व्यायाम केवल इलाज नहीं कर सकता लेकिन वास्तव में लंबे समय तक अवसाद के एपिसोड को रोकने में मदद करता है।
- सीखा असहायता एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति शक्तिहीनता की भावना से ग्रस्त है, जो एक दर्दनाक घटना से उत्पन्न होता है या सफल होने में लगातार विफलता होती है। यह अवसाद के अंतर्निहित कारणों में से एक माना जाता है।
- पिताजी में प्रसवोत्तर अवसाद बहुत वास्तविक है : लगभग 10% पुरुष एक बच्चे के जन्म के बाद अवसाद के लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं।
- यह सांप विषेले सांप नहीं हैं बल्कि यह अपने शिकार पर लिपटकर उसे पूरी तरह जकड़ लेता है और जब तक शिकार जकड़ से मर ना जाए वह उसे पकड़े रहता है।

## राशिफल

**मेष :** बाहर घूमना-फिरना, पार्टी और मौज-मस्ती आपको अच्छे मूड में रखेंगे। नए करार फायदेमंद दिख सकते हैं, लेकिन वे उम्मीद के मुताबिक लाभ नहीं पहुँचाएंगे।

**वृष :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। किसी सामाजिक संगठन या किसी एनजीओ से जुड़ने का अवसर मिलेगा। घर में बरक्कत होगी, मन शांत रहेगा। काम में मन लगेगा।

**मिथुन :** व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। लोग परेशानियों के साथ आपके पास आएँ तो नजरअंदाज करें और उन्हें मानसिक शांति भंग न करने दें।

**कर्क :** आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। आज हर कोई आपसे दोस्ती करना चाहता है और आप उनकी ये इच्छा पूरी करने में खुशी महसूस करेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आ सकती है, लेकिन किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें।

**कन्या :** आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़ कर अपने परिवार के साथ कुछ समय व्यतीत करना चाहेंगे। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है।

**तुला :** सेहत अच्छी रहेगी। आप दूसरों पर कुछ ज्यादा खर्चा कर सकते हैं। पारिवारिक तनावों को अपना ध्यान भंग न करने दें। खराब दौर हमें बहुत-कुछ देता है।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन अच्छे से बीतेगा। जीवनसाथी और बच्चों से आपको बहुत सारा प्यार मिलेगा। किसी बड़े अधिकारी का सहयोग भी मिल सकता है।

**धनु :** आज आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। निर्धारित किए गए कार्य को करने की प्रेरणा मिलेगी। आज रचनात्मक कामों से जुड़े लोगों के लिए बेहतरीन दिन है।

**मकर :** आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं। अपने गुस्से पर काबू रखें।

**कुंभ :** आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप रचनात्मक कार्यों में रुचि लेंगे। जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बितायेंगे। आपका आत्मविश्वास पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा।

**मीन :** आज आपको पूर्व में की गई मेहनत का फल मिलेगा। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट का सिलसिला जारी नए सर्वकालिक निचले स्तर 88.44 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा। गुरुवार को भारतीय करेंसी डॉलर के मुकाबले अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गई। बाजार के जानकारों का मानना है कि यह गिरावट एशिया



की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ के बढ़ते दबाव के कारण है। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा। गुरुवार को भारतीय करेंसी डॉलर के मुकाबले अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर 88.44 पर पहुंच गई।

क्यों लगातार कमजोर होता जा रहा रुपया बाजार के जानकारों का मानना है कि यह गिरावट एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ के बढ़ते दबाव के कारण है। रुपये में गिरावट इस बात के संकेत हैं कि पिछले महीने से भारत पर लागू हुए अमेरिकी टैरिफ भारत में निवेशकों के विश्वास पर असर डाल रहे हैं। यही कारण है कि एशियाई समकक्षों के बीच रुपया सबसे कमजोर स्थिति में है। विदेशी निवेशकों ने इस साल अब तक भारतीय ऋण और शेयर बाजारों से 11.7 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी की है। पिछले शुक्रवार को रुपया 88.36 के स्तर तक चला गया था। वाशिंगटन के भारी टैरिफ ने भारत के विकास और व्यापार परिदृश्य को नुकसान पहुंचाया है और मुद्रा विनिमय की राह को धुंधला कर दिया है। इस प्रभाव को कम करने के लिए भारत सरकार ने जीएसटी की दरों को बड़े पैमाने पर कम करने का एलान किया है। हालांकि, इस बीच भारत और अमेरिका व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए निरंतर बातचीत करने भी विचार कर रहे हैं।

### निर्यातकों को ऑर्डर से जुड़ी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा

फिलहाल, निर्यातकों को ऑर्डर प्रवाह को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, आयातकों को अधिक आक्रामक तरीके से हेजिंग करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इससे मुद्रा बाजार में मांग-आपूर्ति संतुलन बिगड़ रहा है। रुपये में गिरावट की गति को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बार-बार हस्तक्षेप किया है। बाजार सहभागियों का कहना है कि केंद्रीय बैंक बाजार में सक्रिय रहा है। माना जा रहा है कि आरबीआई अस्थिरता को कम करने और बड़े उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए डॉलर बेच रहा है। बैंकरों का कहना है कि हस्तक्षेप का उद्देश्य किसी विशेष स्तर को बनाए रखना नहीं है, बल्कि गिरावट को स्थिर रखकर कंपनियों और निवेशकों की बेचैनी दूर करना है।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 123 अंक चढ़ा, निफ्टी 25000 के पार

**नई दिल्ली।** गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 123.58 अंक उछलकर 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 32.40 अंक की बढ़त के साथ 25,005.50 पर बंद हुआ।



फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 123.58 अंक या 0.15 प्रतिशत चढ़कर 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 217.07 अंक या 0.26 प्रतिशत बढ़कर 81,642.22 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 32.40 अंक या 0.13 प्रतिशत बढ़कर 25,005.50 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों का हाल सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इटरनल और सन फार्मा प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं इंफोसिस, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ने वालों में शामिल रहे। भारत और अमेरिका व्यापार वार्ता की उम्मीदों से बाजार को मिला बल जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि निफ्टी 50 सूचकांक 25,000 की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर बंद हुआ है। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ अनिश्चितता ने मुख्य सूचकांक को शुरूआत में 24,400 तक नीचे खींच लिया।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 67.28 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत गिरकर 67.28 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को दिन भर की राहत के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 115.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले दिन 5,004.29 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## चुटकुले

संता पार्क में एक लड़की के साथ बैठा था
पुलिसवाला - तुम यहाँ क्यों बैठे हो?
संता - जी हम दोनों शादीशुदा हैं
पुलिसवाला - अरे तो अपने घर जाके बैठो
संता - घर जाकर साथ नहीं बैठ सकते
पुलिसवाला - क्यों ?
संता - क्यूंकि इसका पति नहीं मानेगा

---

लड़की - लड़के तो नालायक होते हैं
हम लड़कियां पढ़ाकू होती हैं
लड़का - लड़के भी किसी से कम नहीं होते
लड़की - लड़कियां आगे हैं
लड़का - अच्छा एक सवाल का जवाब बता
लड़की - हाँ पूछो
लड़का - ऐसी क्या चीज है
जो फ्रिज में रखने पर भी गर्म ही रहती है
लड़की - पता नहीं
लड़का - गरम मसाला ?
देखा हम किसी से कम नहीं

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण नवंबर तक होगा पूरा : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संकेत दिया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के पहला चरण को नवंबर तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने मिलकर हमें निर्देश दिया था कि दोनों पक्षों के मंत्री नवंबर 2025 तक एक अच्छा समझौता कर लें। उस समझौते का पहला भाग नवंबर 2025 तक अंतिम रूप दे दी जाए और मार्च से ही इस विषय पर बहुत अच्छे माहौल में बहुत गंभीरता से चर्चा चल रही है और इस प्रगति से दोनों पक्ष संतुष्ट हैं।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर दिए थे सकारात्मक संकेत

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में संकेत दिया था कि भारत पर लगाए गए टैरिफ को लेकर कुछ नरमी आई है, उन्होंने कहा था कि दोनों देश व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं।

उन्होंने पोस्ट किया कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका अपने दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं। मैं आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे दोस्त, प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे दोनों महान देशों के लिए एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

ट्रम्प की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को बहुत विशेष संबंध बताया था और कहा था कि वह और प्रधानमंत्री मोदी हमेशा दोस्त रहेंगे। उन्होंने कहा था कि इसमें चिंता की कोई बात नहीं है।



# यातायात जाम करने वालों को पुलिस ने सिखाया चालान काटकर सबक

## इंदिरापुरम में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 55 चालान और 2 वाहन सीज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस आयुक्त के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन के आदेश पर गुरुवार को थाना इंदिरापुरम पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत साईं मंदिर चौराहे से गौर ग्रीन विष्टा सुपरटेक सोसाइटी के सामने वाले मार्ग पर लंबे समय से बने अतिक्रमण और अवैध पार्किंग को हटाने की कार्रवाई की गई।

सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में सड़क किनारे खड़े ठेल-ढकेल, दुकानों के सामने लगे बोर्ड और बैनर हटाए गए। अतिक्रमण कर जाम की स्थिति उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध धारा 152 बीएनएसएस में 30 चालान, वहीं अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 25 चालान किए गए तथा 2 वाहनों को सीज किया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराकर जागरूक भी किया। साथ ही भविष्य में सड़क पर अवैध पार्किंग न हो, इसके लिए सड़क पर निशानबंदी की गई और निर्धारित दूरी चिन्हित कर दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं रहेगा बल्कि आने वाले दिनों में भी नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि मार्ग पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रह सके और यातायात सुगम व सुचारू बना रहे।

### डीसीपी ट्रांस हिंडन बोले जारी रहेगा अभियान



**करंट क्राइम :** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग यातायात व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर सुरक्षित व सुगम यातायात सुनिश्चित करना है।

# स्कूल में छात्राओं को पढ़ाया गया जागरूकता का पाठ

## पोक्सो अधिनियम और बाल अधिकारों की दी गई जानकारी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिलाधिकारी के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' के अंतर्गत 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को विधान पब्लिक स्कूल, दुहाई में छात्रों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में एडवोकेट चंचल गुप्ता और जिला समन्वयक ने छात्रों को पोक्सो अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम, बाल यौन शोषण से सुरक्षा, बच्चों के अधिकार और पोश एक्ट जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने कहा कि बाल सभाएँ बच्चों को न केवल ज्ञान और कौशल देती हैं, बल्कि समुदायों में बाल संरक्षण की जागरूकता भी बढ़ाती हैं। यह पहल बाल विवाह और शोषण जैसी कुप्रथाओं को रोकने में अहम है।

छात्र-छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें इन सेवाओं का सही समय पर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना जैसी सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया। वहीं, विद्यालय की अध्यापिकाओं को पोश एक्ट के बारे में बताया गया।

# वादी संवाद दिवस में 520 शिकायतों का पुलिस अधिकारियों के सामने हुआ आमना-सामना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत वादी संवाद दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पुलिसिंग में सुधार लाना, न्याय की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और आम जनता का पुलिस पर विश्वास बढ़ाना बताया गया है।

इस कार्यक्रम में कुल 520 शिकायतों को वीदियों व पीड़ितों ने पुलिस के अलग-अलग स्तर के अधिकारियों और जांच अधिकारियों के सामने रखा गया। जिसमें ग्रामीण, सिटी और ट्रांस हिंडन तीनों जोनों के थानों में पीड़ितों ने अपने मामले सीधे अधिकारियों के सामने रखे हैं। जिसमें कुछ में समाधान तो कुछ में दोबारा से जांच कर नई रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश जारी किए गए हैं।





### ग्रामीण जोन में सबसे अधिक वादी पहुंचे, कुल 252 शिकायतें दर्ज हुई

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ग्रामीण जोन में जहां वादी संवाद दिवस में 252 शिकायतें सामने आई हैं। तो सिटी जोन में 144 और ट्रांस हिंडन जोन में 124 वादी उपस्थित हुए। वादी संवाद दिवस के दौरान शिकायतों, गुमशुदगी और अन्य प्रकरणों पर खुलकर चर्चा की गई। यदि किसी शिकायतकर्ता को संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, तो वह सीधे जांच अधिकारियों से सवाल पूछ सकते हैं ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

### पुलिस कमिश्नर की पहल पर लगते हैं वादी संवाद दिवस

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि वादी संवाद दिवस कार्यक्रम का मकसद जनता और पुलिस के बीच भरोसा बढ़ाना और पुलिस की छवि सुधारना है। इसके तहत पुलिसकर्मी सीधे पीड़ितों को न्याय दिलाने और उनके मामलों में की गई कार्रवाई प्रदर्शित करने में मदद कर रहे हैं। इस पहल से न केवल पुलिसिंग में पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि जनता को यह विश्वास भी मिला है कि उनके मामले सीधे अधिकारियों के संज्ञान में लाए जा रहे हैं। वादी संवाद दिवस कार्यक्रम लगातार आम जनता और पुलिस के बीच संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनता जा रहा है।

# एशिया कप के भारत-पाकिस्तान मैच का 'सियासी विरोध' टीम इंडिया से कपिल देव की अपील- खेल पर फोकस करे

**दुबई ।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार यानी 14 सितंबर को महामुकाबला खेला जाएगा, जिसका सियासी गलियारों में विरोध हो रहा है। अब भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली टीम से खेल पर ध्यान देने की अपील की है। वहीं, शिवसेना शिवसेना (यूबीटी) ने मुकाबले के दिन 'सिंदूर रक्षा' नामक विरोध प्रदर्शन का एलान किया है। भारत-पाकिस्तान मैच का महत्व सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रहता। यह हमेशा राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि से भी जुड़ा रहता है। इस साल की शुरूआत में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के रिश्तों में और खटास आई थी। इस कारण बड़ी संख्या में भारतीय फैंस ने सोशल मीडिया पर मांग की थी कि भारत को एशिया कप से ही बाहर हो जाना चाहिए। हालांकि, भारत सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाएगी, लेकिन मल्टी-नेशन टूनामेंट्स में टीम इंडिया हिस्सा लेगी। इसी आधार पर भारत की एशिया कप में भागीदारी सुनिश्चित हुई। एशिया कप - फोटो : अठक कपिल देव की भारतीय खिलाड़ियों से खास अपील यूएई को अपने पहले ही मुकाबले में नौ विकेट से मात देकर जीत के साथ अभियान की शुरूआत करने वाली भारतीय टीम से कपिल देव ने खेल पर ध्यान देने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'भारतीय खिलाड़ियों को पूरी तरह खेल पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। उनकी टीम अच्छी है और उन्हें जीतना ही होगा। खिलाड़ियों को सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और किसी और चीज से विचलित नहीं होना चाहिए। बस आगे बढ़ो और जीतो। सरकार अपना काम करेगी और खिलाड़ियों को अपना काम करना चाहिए।' शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत - फोटो : अठक 'सिंदूर रक्षा' अभियान चलाएगी शिवसेना (यूबीटी) शिवसेना (यूबीटी) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी रविवार को 'सिंदूर रक्षा' अभियान चलाएगी, ताकि एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच के विरोध में प्रदर्शन किया जा सके।




# स्पेनिश लीग मैच में एमबाप्पे का अपमान करने वाले शख्स पर हुई कार्रवाई, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**स्पेन।** स्पेनिश पुलिस ने एक दर्शक को गिरफ्तार किया है, जिस पर रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी कायलियन एमबाप्पे के खिलाफ नस्लभेदी टिप्पणी करने का आरोप है। यह घटना पिछले महीने स्पेनिश लीग के एक मुकाबले में हुई थी। पुलिस ने बुधवार को जानकारी दी कि लीग की आधिकारिक शिकायत के बाद की गई जांच में आरोपी की पहचान की गई और उसे हिरासत में लिया गया। आरोपी पर आरोप है कि उसने मैच के दौरान एमबाप्पे की ओर बंदर जैसी हरकतें और आवाजें निकालीं।

यह घटना 24 अगस्त को रियल मैड्रिड और ओवीएदो के बीच खेले गए मुकाबले के पहले हाफ के दौरान घटी थी। उसी समय एमबाप्पे ने मैच का पहला गोल किया था और मैड्रिड ने मुकाबला 3-0 से जीता था। स्पेनिश फुटबॉल में हाल के वर्षों में अश्वेत खिलाड़ियों के खिलाफ नस्लभेदी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

# लक्ष्य सेन हॉन्गकॉन्ग ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सात्विक-चिराग भी अंतिम-आठ में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के लक्ष्य सेन छह महीने में पहली बार किसी शीर्ष बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी गुरुवार को यहां 500,000 डॉलर इनामी हॉन्गकॉन्ग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनामेंट के पुरुष युगल के अंतिम आठ में जगह बनाई।

विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने दूसरे दौर में हमवतन एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे इस 23 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला जापान के कोडाई नाराओका या भारत के आयुष शेट्टी से होगा।

इस सत्र में चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य ने आखिरी बार मार्च में ऑल इंग्लैंड सुपर 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और मकाऊ ओपन सुपर 300 में भी इसी चरण तक पहुंचे थे, लेकिन इसके अलावा उन्हें शुरूआती दौर में ही बाहर होना पड़ा था।



सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को 63 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया।

पुरुष एकल मैच में प्रणय अच्छी लय में दिखे और उन्होंने पहले गेम में आसानी से बढ़त बना ली तथा बिना किसी परेशानी के शुरूआत से अंत तक इसे बरकरार रखकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस दौरान बढ़त बार-बार हाथ बदलती रही। जब स्कोर 18-18 से बराबर था तब प्रणय का स्मैश बाहर चला गया। लक्ष्य ने दो गेम प्वाइंट हासिल किए और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया।

तीसरे और निर्णायक गेम में प्रणय ने फिर से 5-2 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद वह लगातार गलतियां करते रहे जिसके कारण वह 9-13 से पीछे हो गए। नेट शॉट की मदद से लक्ष्य ने 16-10 से बढत हासिल की।

प्रणय लगातार गलतियां करते रहे और लक्ष्य ने इसका पूरा फायदा उठाकर 10 मैच प्वाइंट हासिल कर लिए और प्रणय के एक और शॉट पर चूकने पर मैच अपने नाम कर लिया। पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। भारतीय जोड़ी की शुरूआत धीमी रही और पहले गेम में वह 8-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने आखिरी तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में बेहतर खेल दिखाया। इस गेम के शुरू में हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा तथा एक समय स्कोर 2-2 और फिर 7-7 से बराबर था। भारतीय जोड़ी ने इंटरवल तक 11-10 की बढ़त हासिल कर ली और लगातार बढ़त बनाते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले गई। तीसरा गेम एकतरफा रहा जिसमें सात्विक और चिराग ने 7-2 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# नूपुर-पूजा ने मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक पक्का किया, निकहत बाहर





**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। पूजा से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए थे। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर बुधवार देर रात क्वार्टर फाइनल में कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। उनके बाहर होने के बाद पुरुष वर्ग में केवल जदुमणि सिंह (50 किग्रा) ही दौड़ में बचे हैं। अंतिम आठ में उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा। इस तरह से भारतीय पुरुष मुक्केबाजों का ताशकंद में खेली गई पिछली विश्व चैंपियनशिप की तुलना में यहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पिछली प्रतियोगिता में दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते थे।

महिलाओं की पिछली प्रतियोगिता नयी दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें नीतू घंघास (48 किग्रा), निकहत (50 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते थे। पूजा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले राउंड में अच्छी शुरूआत की थी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने पलटवार करते हुए यह राउंड 3-2 से जीत लिया।

एशियाई खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता पूजा ने दूसरे राउंड में अच्छी वापसी करके बड़ी बढ़त हासिल की। तीसरे राउंड तक दोनों मुक्केबाज थक चुकी थीं, लेकिन पूजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपने नाम पर पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज एमिली एस्क्विथ से होगा। इससे पहले हेवीवेट मुक्केबाज नूपुर श्योराण ने मौजूदा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया जब बुधवार को उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओल्टीनॉय सोतिमबोएवा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की चैंपियन निकहत जरीन को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। निकहत को तुर्की की काकिरोग्लू बुसे नाज ने 5-0 से शिकस्त दी। महान मुक्केबाज हवा सिंह की पोती नूपुर ने चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 4-1 से हराकर 80 किग्रा से अधिक वर्ग के अंतिम चार में प्रवेश किया। इस वर्ग में सिर्फ 10 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

# रोनाल्डो से प्रेरणा लेते हैं एशिया कप हॉकी के स्टार अभिषेक

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के स्टार फॉरवर्ड खिलाड़ी अभिषेक ने हाल ही में हुए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर न केवल खिताब जीता, बल्कि 2026 हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई भी कर लिया। इस टूनामेंट में अभिषेक ने छह गोल किए और कई मौकों पर गोल बनाने में सहायक रहे। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनामेंट चुना गया।



### 'मुझे रोनाल्डो से मिलती है प्रेरणा'

अभिषेक ने बताया कि उनके शुरूआती कोच शमशेर दहिया, अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के फैन हैं और चाहते थे कि अभिषेक वैसा ही खेले। लेकिन अभिषेक ने हमेशा क्रिस्टियानो रोनाल्डो को अपना आदर्श माना। उन्होंने कहा, 'मैं रोनाल्डो के मैच देखता हूं और उनसे स्कोरिंग, पोजिशनिंग, टाइमिंग और शूटिंग के बारे में सीखता हूं। फुटबॉल और हॉकी दोनों ही टीम गेम हैं, और रनिंग और स्टैमिना का अहम रोल होता है। रोनाल्डो मेरी प्रेरणा हैं।'

अभिषेक ने बताया कि भारतीय हॉकी के दिग्गज सरदार सिंह को देखकर ही उन्होंने हॉकी खेलना शुरू किया था। हालांकि जब तक अभिषेक टीम में आए, तब तक सरदार सिंह रिटायर हो चुके थे। अपने भाई आशीष और एक दोस्त को देखकर उन्होंने पहली बार हॉकी स्टिक थामी थी। बचपन में एक बार कलाई में चोट लगने के कारण माता-पिता ने हॉकी खेलने से मना कर दिया था, लेकिन उनके कोच ने उन्हें दोबारा मैदान पर लाने में मदद की। अभिषेक आज भी अपने पहले कोच, जो हिंदी शिक्षक भी थे, से सलाह लेते हैं। उन्होंने कहा, 'शमशेर सर को भले ही आधुनिक हॉकी की ज्यादा जानकारी न हो, लेकिन वह मेरे खेल को बहुत अच्छे से समझते हैं।'

एशिया कप में जीत के बाद अभिषेक ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया। उनका मानना है कि परिवार के साथ समय बिताना ही सबसे बड़ा जश्न है। उन्होंने कहा, 'टूनामेंट में परिवार नहीं आ पाया क्योंकि भाभी मां बनने वाली हैं। लौटने के बाद हमने सबने मिलकर डिनर किया। यही मेरे लिए जश्न जैसा था।'

### 'अगला लक्ष्य: विश्व कप और ओलंपिक में पदक'

पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक और हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी का अगला सपना है विश्व कप जीतना। उन्होंने कहा, 'हमने 50 वर्षों से विश्व कप नहीं जीता। मुझे लगता है कि हमारी टीम में वो काबिलियत है। हमें सिर्फ निरंतरता और फिनिशिंग पर काम करना होगा।' उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी को फिर से स्वर्णिम दौर में ले जाने के लिए टीम को जीतने की आदत डालनी होगी। उन्होंने कहा कि अब ओलंपिक में सिर्फ कांस्य नहीं, सोने का पदक चाहिए।

### पीएनबी में मैनेजर और भारत के लिए 48 गोल

अभिषेक इस समय पंजाब नेशनल बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अब तक भारत के लिए 113 मैचों में 48 गोल किए हैं। उन्होंने कहा, 'अब विश्व कप की तैयारी के लिए हमारे पास पर्याप्त समय है। मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मैं बेसिक्स को सुधारने पर काम कर रहा हूं।'

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा नेता आरडी शर्मा का जन्मदिन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेरी आवाज सुनो संस्था के अध्यक्ष तथा जागरूक ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष भाजपा नेता आरडी शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। समाज के गणमान्य लोगों ने आरडी शर्मा को उनके जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं दी। सभी ने आरडी शर्मा के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की।




### उनके बसका हो तो करा दें हमें सस्पेंड, हम नहीं हैं उनके ऊपर डिपेंड

फूल वालों के यहां अब शूल एक दूसरे पर ही चल रहे हैं। शब्द बबूल हैं और लहजे भी अब कूल नहीं हैं। छोटे वाले प्रधान भी अब पूरी तरह से मैदान में हैं और उन्होंने भी ऐलान कर दिया है कि अगर वो जनप्रतिनिधि हैं तो हम भी कोई गूगल से डाउनलोड नहीं हुए हैं। हमें भी जनादेश मिला है और हम भी जीत कर आये हैं। तल्ख हो रहे वार्ड वाले प्रधान ने कहा कि हम किसी लैटर से नहीं डरते और हमारे पास मैटर बहुत हैं। वार्ड प्रधान ने साफ कहा कि अगर उनके बस का हो तो वो हमें सस्पेंड कर दें। हम उनके ऊपर कतई डिपेंड नहीं हैं। अपने अधिकारों की लड़ाई हम खुद लड रहे हैं और हमें उनकी जरूरत नहीं है।

### नकली मावे से लेकर अवैध पटाखों का कारोबार दिल्ली गेट और चौपला बाजार

वैसे तो गाजियाबाद का दिल्ली गेट वाला रास्ता ऐसा है कि यहां अक्सर दिल्ली पुलिस आती जाती रहती है। पक्की मोरी से लेकर मिर्जाजान तक के रास्तों से दिल्ली पुलिस परिचित हो चुकी है। लाल किले वाला कलश भी तो अपनी लोकेशन यहीं बता रहा था। वो तो ये समझो कि ज्यादा बैटल नहीं हुआ और कलश के साथ दक्षिणा देकर मामला यहीं सैटल हो गया। आप इस इलाके को हल्के में ना लें। फूड वालों को गुटका दिखता है, मिठाई दिखती है लेकिन उन्हें यहां यूरिया, पाउडर, शकरकंद और रिफाइंड से बना मावा नहीं दिखता। आने दो दिवाली, अवैध पटाखों का पूरा जखीरा दिल्ली गेट और चौपला की गलियों से निकलेगा। ऐसा नहीं है कि केवल यहां लूट और छिनैती का सोना ही बिकने आता है। यहां पोटाश भी मिल जाता है, यहां चीन का मांझा भी मिल जाता है और इन्हें सेल करने वालों का खेल ये है कि वो फोटो में बड़े नेताओं के साथ मेल करते दिख जायेंगे। अगर पुलिस पकड़ भी लेती है तो फिर व्यापार मंडल का गठन इसी लिए तो हुआ है कि जब चोर पकड़े जायेंगे तो उनकी हिमायत में व्यापार मंडल के नेता ही पुलिस कप्तान से लेकर कोतवाल के यहां जायेंगे और मामला सैटल कराकर ही आयेंगे।

### कहत आरटीआई की अर्जी, रामलीला के उस्ताद से लेकर खलीफा हैं फर्जी

100 साल को पार कर चुकी रामलीला में इस बार थियेटर वाली मैडम से लेकर थियेटर वाली सीता का ज्यादा ही जिक्र हो रहा है। एक तो इतने मेहरबान थे कि मैडम का फोटो ही निमंत्रण पत्र पर बड़े साईज में छाप रहे थे। वो तो जब बात छप गई तो फोटो हट गई। इसी बीच पता चला कि उस्ताद और खलीफा भी रथ से उतार दिये गये हैं। ये बात जब रामलीला से 50 साल से अधिक समय से जुड़े मिस्टर आरटीआई को पता चली तो उन्होंने कहा कि ये तो बहुत सही हुआ। आरटीआई वाले आर्य जी ने कहा कि दरअसल इस रामलीला में उस्ताद और खलीफा दोनों ही फर्जी हैं। उन्होंने बताया कि उस्ताद और खलीफा सुल्लामल अखाड़े में होते थे। रामलीला में ऐसा कोई पद नहीं होता। उन्होंने कहा कि रामलीला कमेटी का संविधान उठाकर देख लो। उसमें कहीं उस्ताद और खलीफा का जिक्र नहीं है। उसमें सिर्फ एक लाईन दी गई है कि उस्ताद रामलीला का मंचन करायेंगे। उन्होंने कहा कि बिना मतलब इन्हें तवज्जो दी जा रही है। जब ये पद ही नहीं है तो फिर किस बात का कद है। ये सच अब लोगों के सामने आया है।

## गाज़ियाबाद में दत्तक ग्रहण अभिकरण के लिए भवन की तलाश

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी दी है कि महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण के संचालन हेतु 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए किराये के भवन की आवश्यकता है। भवन में बच्चों के लिए सुरक्षित व स्वच्छ बाल मित्र वातावरण होना चाहिए। इसमें कम से कम दो हवादार कमरे, टॉयलेट, रसोई, बाथरूम तथा एक स्वतंत्र कार्यालय प्रवेश व बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही बच्चों के खेलने हेतु सुरक्षित व खुला स्थान भी अनिवार्य है। भवन कलक्ट्रेट मुख्यालय से पाँच किलोमीटर की परिधि में होना चाहिए। किराया अधिकतम 15,000 मासिक तक स्वीकार्य होगा। इच्छुक भवन स्वामी जिला प्रोबेशन कार्यालय, कमरा न.-123, विकास भवन, कलक्ट्रेट, गाज़ियाबाद में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 9821559749 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।




## और खुल गया सिटी में 23 बैच का खाता

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लंबे समय से जिस लिस्ट का इंतजार हो रहा था, वह आखिरकार आ ही गई। इस लिस्ट में 23 बैच वाले दो टू-स्टारों का खाता खुल गया है। तो दोनों को ही चौकी पर तैनाती मिली है। तो वहीं सिटी के एक थानाक्षेत्र में जहां होटल को लेकर बवाल मचा था, वहां के चौकी वाले प्रभारी को थाने से अटैच कर दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की दो खास चौकी जिनका बीते दिनों जिक्र किया गया था, दोनों को नए फेस मिल गए हैं। एक हल्के पर कोतवाली वाली लाइन से टू-स्टार ने बाजी मारी है। तो पुराने बस अड्डे वाली पर सिटी वाले साहब की कृपा का भरपूर असर देखने को मिला है। उनके पीआरओ पर भरोसा जताते हुए चौकी दी गई है। पर सूत्र बता रहे हैं कि इस चौकी पर टेंशन बहुत अधिक है, अगर पुराने वाले पीआरओ साहब ने अटेंशन नहीं दिखाई तो वह खुद भी टेंशन में आ सकते हैं। उधर 27 उप निरीक्षकों वाली इस लिस्ट में दो टू-स्टार ऐसे हैं जिन्होंने 23 वाले बैच का सिटी जोन में खाता खोलते हुए सीधे चौकी पर कब्जा किया है। इसमें एक नाम लाइन पार की हल्का चौकी पर आया है। तो दूसरा सिटी के टेंशन वाले थाने से अटेंशन वाले थाने में पहुंचे टू-स्टार हैं। बताया जा रहा है कि पहले यह शहर के मिनी कनॉट प्लेस वाले हल्का पर काफी दिनों से काम संभाल रहे थे। इनका अनुभव और वर्किंग देखकर ही इन पर भरोसा जताया गया है। तो वहीं कई टू-स्टार ऐसे हैं, जो चौकी से सीधे थाने भेजे गए हैं। तो इस 27 वाली लिस्ट में एक को लाइन का भी मुंह देखना पड़ा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी वाले साहब द्वारा लंबे समय बाद तबादला एक्सप्रेस चलाई गई है। इसमें 27 फेस बदले गए हैं। तो 23 वालों पर कृपा के साथ ही इलाके की छवि खराब करने वाले टू-स्टार का इलाज बांधा गया है। कुल मिलाकर देखना होगा कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन को लेकर अगली लिस्ट कब आएगी और कौन कृपा पाता है। वैसे बता रहे हैं कि अब जो पीआरओ बनाए गए हैं, वह नई उम्र और 19 बैच वाले हैं। देखना होगा उनका मीडिया मैनेजमेंट कैसा रहता है और वह कितनी पहचान बना पाते हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से सिटी जोन में भी अब 23 वाले बैच का खाता खुला है। तो कहा जा रहा है कि देहात वाले जोन में 23 बैच वाले चौकी पाने के मामले में टॉप पर चल रहे हैं। बीते दिनों आई एक मिनी देहात जोन की तबादला एक्सप्रेस में फिर खास चौकी पर 23 वालों ने मोर्चा मार कर बता दिया है कि वह पुराने वालों को जमकर टक्कर दे रहे हैं।




# विकास प्राधिकरण ने की 27 सम्पत्तियों की नीलामी

## लगभग 154.76 करोड़ की होगी आमदनी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में विभिन्न योजनाओं के रिक्त व्यवसायिक/आवासीय भूखण्डों के साथ-साथ कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखण्ड, दुकान भूखण्ड, औद्योगिक भूखण्ड, बैंक भूखण्ड इत्यादि भूखण्डों एवं इन्दिरापुरम विस्तार योजना के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्डों, मधुबन बापूधाम योजना की बैंक भूखण्ड/सी0एन0जी0 फिलिंग स्टेशन भूखण्ड की नीलामी प्राधिकरण के द्वारा हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में आयोजित की गई। इस नीलामी में इन्दिरापुरम योजना के 04 कन्वीनियन्ट शॉपिंग भूखण्डों की नीलामी से रू0 7.85 करोड़, एवं 02 व्यवसायिक भूखण्ड से रू0 57.56 करोड़, इन्दिरापुरम विस्तार योजना ब्लाक ए0 के 08 आवासीय भूखण्डो से रू0 60.36 करोड, कौशाम्बी योजना ब्लाक ए0 के 05 आवासीय भूखण्डों से रू0 7.05 करोड़, यू0पी0 बार्डर पाकेट ए0 के 01 दुकान भूखण्ड से रू0 27.50 लाख, इन्द्रप्रस्थ योजना पाकेट एच0 के 03 व्यवसायिक भूखण्डो से रू0 3.63 करोड़, इन्द्रप्रस्थ योजना पाकेट बी0 के 01 औद्योगिक भूखण्ड से रू0 2.18 करोड़, पटेल नगर योजना ब्लाक डी0 के 01 क्योस्क भूखण्ड से रू0 1.07 करोड़, मधुबन बापूधाम योजना के 01 बैंक भूखण्ड से रू0 9.35 करोड़, मधुबन बापूधाम योजना के सी0एन0जी0 फिलिंग स्टेशन के 01 भूखण्ड से रू0 5.42 करोड़, की नीलामी उच्चतम-बोली के अनुसार हुई। इस प्रकार नीलाम की गयी कुल 27 सम्पत्तियों के सापेक्ष प्राधिकरण को लगभग कुल रू0 154.76 करोड़ की सम्भावित आय होगी। उक्त सम्पत्तियों की नीलामी अपर सचिव पीके सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न की हुई। इस अवसर पर विशेषकार्याधिकारी/प्रभारी व्यवसायिक, सहायक अभियन्ता, लेखाकार, प्रभारी पुलिस निरीक्षक एवं प्रतिभागीगण आदि उपस्थित रहें।

## जीएसटी में हुए संशोधन से मिलेगी आम आदमी को बड़ी राहत : योगेश कुमार त्रिपाठी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदेश सहसंयोजक (श्रम प्रकोष्ठ) योगेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए संशोधन से आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में जीएसटी में किए गए ऐतिहासिक बदलावों का स्वागत पूरे देश की जनता कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह कदम ऐतिहासिक है। इस बदलाव से मध्यम वर्गीय परिवारों और छोटे व्यवसाईयों को ज्यादा लाभ पहुंचेगा। इस बदलाव से न केवल आमजन को राहत मिलेगी बल्कि कारोबार करना कारोबारी को और आसान हो जाएगा। योगेश त्रिपाठी ने बताया कि सरकार ने जहां लग्जरी उत्पादों पर टैक्स स्लैब बढ़ाया है। वहीं रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं जैसे की दूध पनीर और जीवन रक्षक दवाइयां पर से जीएसटी हटाकर राहत दी है। इस बदलाव से आम नागरिकों की जेब पर से बोझ कम होगा। योगेश त्रिपाठी ने कहा कि देश की जनता इस बदलाव को उपहार के रूप में स्वीकार कर रही है।

## बारिश के बाद बढ़ा मच्छरों का प्रकोप, पार्षद सतेंदर चौधरी ने शुरू करवाई वार्ड में फॉगिंग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लगातार हो रही बारिश के चलते वार्ड 54 में मच्छरों के डंक का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसे में मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए पार्षद सतेंदर चोधरी ने वार्ड में फॉगिंग अभियान शुरू कर दिया है। पार्षद सतेंदर चौधरी वार्ड में शाम के समय फॉगिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिन इलाकों में जलभराव या मच्छरजनित रोगियों की शिकायतें मिल रही हैं वहां प्राथमिकता के आधार पर फॉगिंग कराई जा रही है। इसी के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी सक्रिय हैं और घर-घर जाकर ब्लड स्लाइड तैयार कर बुखार पीड़ितों की पहचान कर रही हैं। क्षेत्रों में मच्छर के लारवा के खात्मे के लिए एंटी लारवा एक्टिविटी चलाई जा रही है।

## जागरुकता



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जीएसटी में बदलाव के बाद अब राज्य कर के अधिकारी बाजारों में जा रहे हैं और व्यापारियों को जानकारी दे रहे हैं। राज्य कर डिप्टी कमिश्नर श्रीमती पूर्णिमा तथा असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर लाल सिंह द्वारा युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें जीएसटी में टैक्स इन्वाईस जारी करने तथा पंजीयन लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विकास नागपाल तथा युवा व्यापारी नेता भविष्य गर्ग ने दोनों अधिकारियों का बाजार में आने पर स्वागत किया और पूर्ण सहयोग का वादा करते हुए सभी नियमों को समझा। इस अवसर पर दोनों युवा व्यापारी नेताओं ने कहा कि हम व्यापारी ही देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं और प्रदेश सरकार व्यापारियों के हित में कार्य कर रही है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा एसीपी रितेश त्रिपाठी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी गई। व्यापारी नेता राकेश स्वामी, पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद धीरेन्द्र यादव बिल्लु, दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल, पूर्व पार्षद सतीश चौपड़ा, सुल्लामल रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वीरो बाबा तथा मोहित मित्तल इस अवसर पर मौजूद रहे। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# सीनेट में एपस्टीन केस फाइलों को सार्वजनिक करने का प्रस्ताव खारिज, डेमोक्रेट्स का प्रयास नाकाम



**पिछले कई महीनों से डेमोक्रेट्स लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं। उनका कहना है कि एपस्टीन के मामले से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि सच सामने आ सके और पीड़ितों को न्याय मिले**

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की सीनेट में बुधवार को एक बेहद करीबी वोटिंग में रिपब्लिकन पार्टी ने डेमोक्रेट्स के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिसमें जेफरी एपस्टीन से जुड़े यौन तस्करी मामले की केस फाइलों को सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। यह प्रस्ताव सालाना रक्षा नीति में शामिल करने की कोशिश की गई थी। वोटिंग में 51-49 का नतीजा आया। दिलचस्प बात यह रही कि रिपब्लिकन पार्टी के दो सीनेटर, जोश हॉली (मिसौरी) और रैंड पॉल (केंटकी), डेमोक्रेट्स के साथ खड़े हुए, लेकिन बाकी रिपब्लिकन सीनेटरों ने इसका विरोध किया। सीनेट में डेमोक्रेट्स के नेता चक शूमर ने वोटिंग से पहले रिपब्लिकन सांसदों को सीधा संदेश दिया, 'आपने वर्षों तक पारदर्शिता और जवाबदेही की बात की। अब जब सच सामने लाने का मौका है तो आप हां क्यों नहीं कह रहे?' शूमर ने रणनीतिक तरीके से इस प्रस्ताव को सालाना डिफेंस बिल में जोड़ने की कोशिश की, ताकि रिपब्लिकन सांसदों को मजबूरन इस पर वोट करना पड़े। रिपब्लिकन नेताओं ने शूमर की चाल को राजनीतिक खेल करार दिया। सीनेटर माइक राउंड्स (साउथ डकोटा) ने कहा, 'यह सही तरीका नहीं है। रक्षा कानून में ऐसे राजनीतिक मुद्दे नहीं जोड़ने चाहिए।' सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थ्यून का कहना था कि 'न्याय विभाग पहले ही बहुत सारी फाइलें सार्वजनिक कर चुका है और हम उन पर भरोसा करते हैं कि वे पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करते हुए जानकारी जारी करेंगे।' हालांकि रिपब्लिकन पार्टी का बड़ा हिस्सा इस मामले में न्याय विभाग की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। कई पीड़ित भी मानते हैं कि अभी तक पूरी सच्चाई सामने नहीं आई है। वर्षों से विवादों में एपस्टीन मामला जेफरी एपस्टीन एक करोड़पति फाइनेंसर था, जिस पर किशोरियों को यौन शोषण और यौन तस्करी में शामिल करने का आरोप था। 2019 में एपस्टीन को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मैनहटन जेल में मुकदमे का सामना करने से पहले उसने खुदकुशी कर ली। इससे पहले 2008 में उसने फ्लोरिडा में संघीय अभियोजकों के साथ गुप्त सौदा किया था, जिससे गंभीर आरोपों से बच निकला था। उस पर आरोप था कि वह नाबालिग लड़कियों को मसाज के नाम पर पैसे देकर यौन शोषण करता था।

# कतर के बाद यमन पर बरसा नेतन्याहू का कहर

## इस्राइल के हवाई हमलों में 35 की मौत



**सना ।** कतर के बाद अब इस्राइल ने यमन की राजधानी सना और आसपास के इलाकों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में बुधवार को कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई, जबकि 130 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी हूती नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। अधिकारियों के मुताबिक, इस्राइल के हमलों में सबसे ज्यादा लोग सना में मारे गए। यहां आईडीएफ ने एक सैन्य मुख्यालय और एक ईंधन स्टेशन को निशाना बनाया।

मंत्रालय ने कहा कि मलबे में दबे लोगों की तलाश जारी है। हूती समर्थित चैनल अल-मसीराह ने बताया कि सना के मध्य क्षेत्र में सैन्य मुख्यालय की इमारत को निशाना बनाया गया और आसपास के घर भी क्षतिग्रस्त हुए। इस्राइल इससे पहले भी कई बार हूती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों के जवाब में हवाई हमले कर चुका है। हूती समर्थित राष्ट्रपति महदी अल-मशात ने इस्राइल को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कि हमारा जवाब भी जरूर आएगा, इस्राइली सतर्क रहें।

इससे पहले रविवार को हूतियों ने एक ड्रोन हमला किया था, जो इस्राइल की बहुस्तरीय हवाई रक्षा प्रणाली को पार कर दक्षिणी हिस्से के एक हवाई अड्डे से टकराया था। इस बीच, यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने घोषणा की है कि वह गाजा युद्ध को लेकर इस्राइल पर प्रतिबंध लगाने और आंशिक व्यापार निलंबन की मांग करेंगी। गौरतलब है कि हूती विद्रोही समूह पिछले एक दशक से अधिक समय से यमन में सक्रिय हैं। उन्होंने राजधानी सना सहित देश के बड़े हिस्से पर नियंत्रण कर रखा है। यह समूह ईरान समर्थित माना जाता है और अक्सर सऊदी अरब तथा उसके सहयोगियों के साथ संघर्ष में उलझा रहता है। बीते कुछ वर्षों में हूती विद्रोहियों ने लाल सागर क्षेत्र और खाड़ी के इलाकों में कई बार ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं।

# अमेरिका में आतंकी हमले की 24वीं बरसी देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमलों को 24 साल पूरे हो गए। इस मौके पर देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। न्यूयॉर्क, पेंटागन और पेनसिल्वेनिया के शैंक्सविल में विशेष समारोह हुए। इन हमलों में करीब 3,000 लोगों की मौत हुई थी। पीड़ितों के परिवार और राजनीतिक हस्तियां कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थल पर पीड़ितों के नाम पढ़े गए। मौके पर उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस मौजूद रहीं। हमले के समय को याद करते हुए मौन रखा गया। पेंटागन में 184 लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप इस समारोह में शामिल हुए और शाम को ब्रॉन्क्स में आयोजित बेसबॉल मैच में पहुंचे।

शैंक्सविल में फ्लाइट 93 के यात्रियों को सम्मान पेनसिल्वेनिया के शैंक्सविल में फ्लाइट 93 के यात्रियों और क्रू को याद किया गया। उन्होंने विमान का कंट्रोल छीनने की कोशिश की थी। वहां मौन, पुष्प अर्पण और नाम पढ़ने का कार्यक्रम हुआ। इसमें वेटरन्स अफेयर्स सेक्रेटरी डग कॉलिन्स ने हिस्सा लिया। देशभर में हजारों लोगों ने इस बरसी को सेवा दिवस के रूप में मनाया। लोगों ने फूड ड्राइव, कपड़ों का दान, पार्क साफ करने और खूनदान जैसे कार्यक्रमों में भाग लिया। पीड़ितों के परिजनों ने कहा कि सेवा कार्य के जरिए दुख में भी सुकून और नई ऊर्जा मिलती है। 11 सितंबर 2001 के हमले अल-कायदा ने किए थे। इसमें 2,977 लोग मारे गए, जिनमें फाइनेंशियल वर्कर, पुलिस और दमकलकर्मी शामिल थे। इसके बाद अमेरिका ने ग्लोबल वॉर ऑन टेरर शुरू किया और अफगानिस्तान व इराक पर हमले किए। लाखों सैनिकों और नागरिकों की जानें गईं। हमलों के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद को 2003 में पाकिस्तान से गिरफ्तार किया गया, लेकिन अब तक ट्रायल पूरा नहीं हुआ। न्यूयॉर्क में 9/11 मेमोरियल और म्यूजियम बने हैं, जहां पीड़ितों के नाम दर्ज हैं। ट्रंप प्रशासन इसे राष्ट्रीय स्मारक बनाने पर विचार कर रहा है। वहीं, हमलों के बाद जहरीली धूल से प्रभावित 1,40,000 से ज्यादा लोग अब भी स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रमों में शामिल हैं।

जब दहशत के साये में डूब गया था अमेरिका ये दिन दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में गिना जाता है। अल-कायदा से जुड़े आतंकियों ने चार यात्री विमानों का अपहरण किया और उन्हें हथियार की तरह इस्तेमाल कर अमेरिका के दिल पर वार किया। इस हमले में करीब 3,000 लोगों की जान गई और हजारों घायल हुए। 24 साल बाद भी उस दिन का दर्द और खौफ लोगों की यादों में जिंदा है। यह हमला सुबह आठ बजकर 46 मिनट पर पहला अपहृत विमान अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट-11, न्यूयॉर्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की नॉर्थ टावर से जा टकराया। इसके 17 मिनट बाद यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट-175 ने साउथ टावर को निशाना बनाया।

# मैक्सिको सिटी में गैस टैंकर में धमाका

## आग की लपटों से झुलसे तीन लोगों की मौत




**मैक्सिको ।** मैक्सिको सिटी में बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को हाईवे पर एक गैस टैंकर में धमाका हो गया। धमाके के बाद टैंकर से उठी आग की लपटें और धुआं राजधानी के दक्षिणी हिस्से में फैल गया। हादसे में कम से कम 70 लोग झुलस गए। जबकि, तीन लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों के पूरे शरीर पर जलने के घाव दिखे और कुछ झुलसे लोग फटे कपड़ों में सड़क पर मदद का इंतजार करते दिखे।

मेयर क्लारा ब्रुगाडा ने हाईवे ओवरपास के नीचे हुए धमाके को 'आपातकाल' बताया। उन्होंने कहा कि धमाके में 18 वाहन जल गए और 19 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। घायलों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मेयर ने बताया कि अभियोजक घटना की जांच कर रहे हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि हाईवे पर टैंकर के पलटने के बाद धमाका हुआ।

धमाके के बाद चीखते-चिल्लाते और भागते नजर आए लोग अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन प्रसारित की गई तस्वीरों में एक ट्रक से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं। जबकि, सोशल मीडिया पर अन्य वीडियो में दर्जनों लोग धमाके के बाद चीखते-चिल्लाते और भागते नजर आए। एक वीडियो में दो लोग पूरी तरह झुलसे हुए दिखे, जिनके कपड़े उनकी त्वचा से चिपक गए थे। मैक्सिको सिटी के सरकारी सचिव सीजर क्राविओटो ने कहा कि आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। गैस टैंकर पर लगा था ऊर्जा कंपनी सिल्जा का लोगो धमाके के बाद सड़क पर पलटे गैस टैंकर पर ऊर्जा कंपनी सिल्जा का लोगो लगा हुआ था। हालांकि, कंपनी के एक अधिकारी ने दावा किया है कि यह उनका वाहन नहीं है और वे सिर्फ उत्तरी मैक्सिको में काम करते हैं। कंपनी ने इस बारे में और जानकारी देने से फिलहाल इनकार कर दिया। धमाके के बाद तुरंत मौके पर पहुंचे मेयर मेयर ब्रुगाडा धमाके के तुरंत बाद मौके पर पहुंच गए।

# चीनी वैज्ञानिक को अमेरिकी अदालत से राहत, तीन माह की सजा के बाद रिहाई



**डेट्रॉयट ।** अमेरिकी अदालत से युवा चीनी वैज्ञानिक को राहत मिली है। डेट्रॉइट हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान से उतरने के बाद घंटों पूछताछ के बाद उसे तीन महीने जेल में रखा गया था। उस पर अमेरिका में जैविक सामग्री भेजने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, यह सामग्री सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा नहीं थी। इस मामले में अदालत ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को युवा वैज्ञानिक को तीन महीने की सजा सुनाई। हालांकि, अदालत ने उसे जितना समय जेल में रही, वही सजा मानकर रिहा कर दिया।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश मैथ्यू लीटमैन ने कहा कि संघीय एजेंटों का काम 'खराब इरादे वाले लोगों' को रोकना है, ताकि 'खतरनाक सामान' देश में न आए। लेकिन उन्होंने माना कि चीनी वैज्ञानिक चेंगशुआन हान, जो मिशिगन विश्वविद्यालय की एक प्रयोगशाला में एक साल की नौकरी करने जा रही थी, इस श्रेणी में नहीं आतीं। न्यायाधीश ने कहा, 'यही सही संतुलन है।' और सरकार की यह मांग खारिज कर दी कि हान को और तीन महीने जेल में रखा जाए।

जज से बात करते हुए हान रो पड़ीं जज से मंदारिन भाषा में बात करते हुए चेंगशुआन हान रो पड़ीं और कहा कि उन्हें यह 'बहुत दर्दनाक' सबक मिला है। हान ने कहा कि जब वह जल्द ही चीन लौटेंगी तो उनका करियर बर्बाद हो जाएगा। हान ने कहा, 'सरकारी एजेंट अपना कर्तव्य निभा रहे थे, लेकिन मेरा किसी को नुकसान पहुंचाने या सुरक्षा संकट पैदा करने का कोई इरादा नहीं था।

# नेपाल की जेल में झड़पों में तीन की मौत

## तनाव के बीच 15000 से अधिक कैदी फरार





**काठमांडू ।** नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के विरोध प्रदर्शन ने देश की राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल कर रख दिया। सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच हालात लगातार बेकाबू होते जा रहे हैं। इसका साफ-साफ असर अब नेपाल के जेलों पर भी दिखने लगा है। इसी सिलसिले में गुरुवार को भी रामेछाप जिले की एक जेल में कैदियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें तीन कैदी मारे गए और 13 घायल हो गए। इस तरह मंगलवार से अब तक कुल आठ कैदी जेलों में हुई झड़पों में मारे जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, देशभर की 25 से ज्यादा जेलों से करीब 15,000 कैदी फरार हो चुके हैं। ये घटनाएं तब शुरू हुईं जब जेन जेड समूह के नेतृत्व में पूरे नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हुए। इस आंदोलन के दबाव में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इसके बाद देशभर में सेना ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए। नेपाल में हिंसा - फोटो : ढळक जहां एक ओर पूरे देशभर में हालात बेकाबू हो रहे हैं। वहीं नेपाल की कई जेलों से हिंसा की खबरें भी सामने आ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को रामेछाप जिले की जेल में कैदियों ने गैस सिलेंडर से धमाका कर जेल से भागने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने हालात काबू में करने के लिए फायरिंग की, जिसमें तीन कैदी मारे गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जेलों में आगजनी और ताले तोड़े इससे पहले मंगलवार शाम से, युवाओं की भीड़ ने कई जेलों पर हमला कर प्रशासनिक इमारतों को आग के हवाले कर दिया और जेल के गेट तोड़ दिए। इससे काठमांडू की सुंदरहर जेल से 3,300, नक्कू जेल से 1,400 और डिल्लीबजार जेल से 1,100 कैदी भाग निकले। नेपाल में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन का असर केवल कुछ जेलों तक सीमित नहीं है। इसका बड़ा असर देश के अन्य जेलों पर भी देखने को मिल रहा है।

# पाकिस्तानी सेना का दावा- खैबर पख्तूनख्वा में तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराए 19 आतंकवादी



**पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 19 आतंकवादियों को तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है**

**पेशावर ।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 19 आतंकवादियों को तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई 10 सितंबर की देर रात की गई। कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर मोहम्मद, उत्तर वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में की गई। मोहम्मद जिले में हुए ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। भारी गोलीबारी के बाद 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया। वहीं, एक और खुफिया आधारित ऑपरेशन उत्तर वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल इलाके में किया गया, जहां चार आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार दिया। वहीं, एक अन्य मुठभेड़ में बन्नू जिले में एक आतंकवादी मारा गया। ताकि रिपब्लिकन सांसदों को मजबूरन इस पर वोट करना पड़े। रिपब्लिकन नेताओं ने शूमर की चाल को राजनीतिक खेल करार दिया। सीनेटर माइक राउंड्स (साउथ डकोटा) ने कहा, 'यह सही तरीका नहीं है। रक्षा कानून में ऐसे राजनीतिक मुद्दे नहीं जोड़ने चाहिए।' सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थ्यून का कहना था कि 'न्याय विभाग पहले ही बहुत सारी फाइलें सार्वजनिक कर चुका है और हम उन पर भरोसा करते हैं कि वे पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करते हुए जानकारी जारी करेंगे।' हालांकि रिपब्लिकन पार्टी का बड़ा हिस्सा इस मामले में न्याय विभाग की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। कई पीड़ित भी मानते हैं कि अभी तक पूरी सच्चाई सामने नहीं आई है। इन आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि इसी बीच अज्ञात आतंकवादियों ने बुधवार रात लक्की मरवत जिले के नासर खेल इलाके में खुफिया एजेंसी के एक अधिकारी के घर को ढहा दिया और उनके हथियार लेकर फरार हो गए।

# कोलोराडो हाईस्कूल में गोलीबारी, दो साथियों पर गोली चलाने के बाद हमलावर छात्र ने खुद को मारा




**अमेरिका के कोलोराडो राज्य के एवरग्रीन हाईस्कूल में बुधवार दोपहर एक छात्र ने गोलीबारी कर दी। हमलावर छात्र ने दो साथियों को गोली मार दी और फिर खुद को भी गोली मार ली। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई**

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के एवरग्रीन हाईस्कूल में बुधवार दोपहर एक छात्र ने गोलीबारी कर दी। हमलावर छात्र ने दो साथियों को गोली मार दी और फिर खुद को भी गोली मार ली। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जेफरसन काउंटी शेरिफ ऑफिस के मुताबिक, गोलीबारी स्कूल के अंदर और बाहर दोनों जगह हुई। पुलिस मौके पर पहुंची और पांच मिनट के भीतर हमलावर को ढूंढ निकाला। इस दौरान किसी अधिकारी ने गोली नहीं चलाई।

सेंट एंथनी अस्पताल के सीईओ केविन कुलिनन ने बताया कि दोनों घायल छात्रों को पहले गंभीर स्थिति में लाया गया था। बाद में एक छात्र की हालत स्थिर बताई गई, जिसकी चोटें जानलेवा नहीं थीं। डॉक्टर ब्रायन ब्लैकवुड ने ज्यादा जानकारी देने से इनकार किया। इसके साथ ही दोनों छात्रों की उम्र सार्वजनिक नहीं की गई।

स्कूल और इलाके में अफरा-तफरी एवरग्रीन हाईस्कूल में 900 से अधिक छात्र पढ़ते हैं। यह इलाका जंगलों से घिरा है और स्कूल कस्बे के केंद्र से करीब एक मील दूर स्थित है। घटना के बाद अभिभावक पास के एक प्राथमिक विद्यालय में इकट्ठा हुए, जहां बच्चों को सुरक्षित ले जाया गया।

अभिभावकों की दहशत न्यूमैन नामक महिला ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी ने घटना के बाद काफी देर तक फोन नहीं उठाया। बाद में उसने किसी और का फोन लेकर बताया कि वह सुरक्षित है लेकिन बहुत डरी हुई है। न्यूमैन ने कहा कि हमें लगता था कि यहां हम सुरक्षित हैं, लेकिन कोई भी सुरक्षित नहीं है। घटना के बाद 18 छात्र पास के एक घर में शरण लेने पहुंचे। घर के मालिक डॉन सिगन ने बताया कि बच्चों ने दरवाजा खटखटाकर मदद मांगी। वे सभी डरे हुए थे। उनकी पत्नी एक रिटायर्ड नर्स हैं।

# एसीपी वेव सिटी ने सम्भ्रान्त व्यक्तियों से किया संवाद, बीट प्रणाली पर दी जानकारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ग्रामीण जोन थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के बहरामपुर में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी प्रियाश्री पाल एवं थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस मौजूद रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के 100 से अधिक सम्भ्रान्त व्यक्ति, पार्षद, डॉक्टर, व्यापारी, उद्योगपति, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, मीडियाकर्मी, मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

एसीपी प्रियाश्री पाल ने उपस्थित लोगों को कमिश्नरेट गाजियाबाद में लागू बीट प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान थाना क्षेत्र के सभी बीट एसआई बीपीओ के मोबाइल नम्बर साझा किए गए, ताकि आमजन किसी भी समस्या या आवश्यक कार्यवाही में सीधे संपर्क कर सकें।

## अधिकारियों से सीधे की जाए पुलिसकर्मियों की शिकायत : एसीपी

**करंट क्राइम** : एसीपी ने साफ निर्देश दिए कि यदि पासपोर्ट सत्यापन, शिकायत, चरित्र सत्यापन, किरायेदार सत्यापन आदि की जांच के दौरान किसी बीट एसआई/बीपीओ द्वारा किसी प्रकार का लाभ/रिश्वत मांगी जाती है तो उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए।

कार्यक्रम में शामिल सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने गाजियाबाद पुलिस प्रणाली की सराहना की और आश्वासन दिया कि इस व्यवस्था का प्रचार-प्रसार आमजन तक किया जाएगा।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का औचक निरीक्षण-जलभराव पर भड़के





**लोनी करंट क्राइम।** दिल्ली-सहारनपुर रोड पर जमे पानी ने आखिरकार प्रशासन की पोल खोल दी। नाले जाम होने से हुए जलभराव पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नाराजगी प्रकट की। मौके पर ही ईओ, सफाई चीफ इंस्पेक्टर और सफाई इंचार्ज को सड़क पर तलब कर दिया और दो-टूक चेतावनी दी कि रात तक सहारनपुर मार्ग से पानी की निकासी हर हाल में होनी चाहिए।

विधायक की कड़ी फटकार के बाद नगरपालिका के अफसरों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में सफाई अभियान शुरू कर दिया गया




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात को लिख दो ठोंककर, भगवा नागर की टीआरपी चल रही है टॉप पर? अब तो पार्टी के उनके स्कूल में भी होने लगे हैं प्रोग्राम? इन कार्यक्रम को मजबूत व्यवस्थाओं से दे रहे हैं वो अंजाम? कहने वाले ने कहा- आप समझ जाओ अब उनका महान वाले मंत्री के पद पर आना तय है? क्योंकि हर जगह नहीं किये जाते हैं ये वाले प्रोग्राम? आज नहीं तो कल आना है उनका नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ऐसा तो नहीं मिला होगा मिस्टर भगवा आर डी जी को लिफ्ट? जितना बड़ा दे दिया अध्यक्ष जी ने उनको गिफ्ट? हम बता रहे हैं यूं ही आपको ये बात, बुके और गिफ्ट तो आर डी जी को बहुत मिले होंगे, मगर भगवा होने के बाद हकीकत में उन्होंने अपने बर्ड-डे पर चखा है भगवा होने का स्वाद? सुना है, अध्यक्ष जी ने उनको वरिष्ठ भाजपा नेता कहकर है पुकारा? अगर आपको हमारी बात पर यकीन ना हो तो आप फेसबुक पर देख सकते हो इस उपलब्धि का नजारा? बताओ इससे बढ़कर कोई गिरफ्ट हो सकता है प्यारा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब क्रांतिकारी पार्षदों का खेमा गया प्रदेश वाले चौधरी साहब के पास? तब सबको सामने से कराया चौधरी साहब ने अनुशासन का अहसास? धरने वाली बात पर उन्होंने रखा गंभीरता से विचार, कहा- ये मत सोचना कि अगली बार तुम्हें आसानी से टिकट मिल जाएंगे, धरने वालों के मैं नहीं होने दूंगा टिकट स्वीकार? कहने वाले ने कहा- अब पार्षद हाउस टैक्स के मामले में क्रांति की अलख अलग ही अंदाज में जलाएंगे? अब नहीं लाएंगे वो अपने दिमाग में धरना देने का विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब इस बात को कहकर चौधरी साहब ने मिलाया किसी ताकतवर चेहरे को फोन? तब उनकी टोन को सुनकर इन क्रांतिकारी पार्षदों के अरमान हुए ऑन? सुना है, चौधरी साहब ने सामने वालों से कही थी शपथ दिलाने की बात? इन शब्दों को सुनकर पार्षद महसूस कर रहे थे फील गुड वाला अहसास? मगर, हमें मिली है अंदर से जानकारी, सामने से आवाज थी कुछ और ही आ रही? खुश होकर भले ये ही लौटे हो सब, मगर इन्हें नहीं है अभी तक आने वाली क्रांति की जानकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तोड़ना तो नहीं चाहते हैं संगठन में पद पाने की महत्वकांक्षा रखने वालों का दिल? मगर, हमें एक बड़ी जानकारी ऊपर से गई है मिल? जानकारी के अनुसार अभी एक साल तक नहीं है किसी भी तरह के परिवर्तन का विचार? जिस टीम ने भगवा कमांडर के साथ पारी खेली थी, उस टीम को अब एक साल तक खेलनी होगी योद्धा के साथ ही पारी? मैंने सोचा, हमारे भाई बहुत मेहनत करते हैं, कम से कम उनको तो दे ही दूं ये वाली जानकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक संजीव शर्मा के बर्थ-डे वाले कार्यक्रम स्थल पर आ गई है बधाई वाले होर्डिंग्स की बहार? मगर होर्डिंग ने समर्थकों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं यार? सुना है, इसी स्थल पर होना है बर्थ-डे से एक दिन पहले वर्मा जी का प्रोग्राम? इस प्रोग्राम के भी लगेंगे यहां पर होर्डिंग, बस इसी बात ने किया हुआ है सैलिब्रेशन वाले होर्डिंग लगवाने वाले लोगों को परेशान? इनको सता रहा है इस बात का डर, एक दिन पहले होने वाले कार्यक्रम के होर्डिंग इनके होर्डिंग को कर लेंगे कवर? हम तो कहीं पर खड़े थे वहां पर चोपड़ा और गुप्ता पूरी महिमा के साथ कर रहे थे इस बात की फिक्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको दे रहे हैं बहुत अंदर की जानकारी, विधायक जी ने कर दी है अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी? सुना है, उन्होंने पिछले चुनाव में भी देखा था ये ख्वाब? मगर, तब भारी पड़ गया गर्ग साहब का दांव? मगर, 2029 की विधायक जी ने अभी से बिछा दी है बिसात? एक तो उच्च सदन में जाने की तमन्ना है, दूसरा हमें पता चला है कि उनके दिल में लगी है कोई बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक पॉलिटिकल कार्यालय का सहायक लगभग 20 दिनों से नहीं दे रहा है कार्यालय पर दीदार? सुना है, जबसे पार्टी वालों ने कार्यालय पर आना कम किया, तब से उसका मन यहां पर लग ही नहीं रहा था यार? देखना अब ये है कि क्या ये चेहरा वापस आयेगा कार्यालय के निकट? या फिर इसने कटवा दिया अपने गांव का टिकट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कौशिक जी भले ही पूर्व हो गए हों, मगर उन्हें पता है, राजनीति के कैसे चलने हैं दांव? होर्डिंग पर किसके फोटो लगाने हैं और किसको देना है घाव? हमने जब किये कौशिक के होर्डिंग के दीदार, हमने देखा, उन्होंने वर्तमान वाले का फोटो अपने होर्डिंग से किया हुआ था बाहर? कहने वाले ने कहा- अगर मौजूदा वाले इस तरह पूर्व वालों को इग्नोर करके चलेंगे तो फिर पूर्व वालों से भी उनको ऐसी ही उम्मीद करनी होगी स्वीकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अपने बर्थ-डे पर भगवा आर डी जी के एक बार जरूर बदले होंगे किसी को लेकर विचार? अतीत में वो जिस चेहरे को लेकर ज्यादा संतुष्ट नजर नहीं आते थे, उस चेहरे ने दिये बर्थ-डे में पहुंचकर उनको दीदार? स्पेशली दी उनको बर्थ-डे की बधाई? उम्मीद के विपरीत जब घटी होगी ये घटना तब जरूर आर डी जी को अतीत वाली बातें उनके दिल ने याद दी होंगी दिलाई?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कौशाम्बी पुलिस ने किया संवाद कार्यक्रम





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरुवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर एसीपी इन्दिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव व थाना कौशाम्बी पुलिस ने एम्ब्रोसिया बैंकट हॉल में 102 सम्भ्रान्त व्यक्तियों से संवाद किया।

कार्यक्रम में पार्षद, डॉक्टर, व्यापारी, उद्योगपति, मीडियाकर्मी, राजनैतिक दलों व सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। एसीपी ने पुलिस बीट प्रणाली की जानकारी दी और बीट एसआई/बीपीओ के नम्बर उपलब्ध कराए। उन्होंने अपील की कि पासपोर्ट, चरित्र या किरायेदार सत्यापन आदि में यदि कोई लाभ लेने की कोशिश करे तो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करें।

उपस्थित लोगों ने गाजियाबाद पुलिस व्यवस्था की सराहना की और कहा कि इस प्रणाली का प्रचार-प्रसार आमजन में किया जाएगा।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा का बड़ा आयोजन साहिबाबाद से गाजियाबाद तक दौड़ेगा 'नमो युवा रन'





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की गाजियाबाद इकाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाएगी। इस दौरान वह नमो युवा रन मैराथन और रक्तदान शिविर लगाने सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

भाजयुमो के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कौशांबी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा नमो युवा रन एक मैराथन नहीं, बल्कि सशक्त युवा आंदोलन है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्त भारत का संदेश फैलाना है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा वरुण गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रंजीत राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा की शुरूआत होगी तथा इसका समापन 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर होगा।

इस दौरान विभिन्न तिथियों को अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जैसे रक्तदान शिविर, स्वच्छता कार्यक्रम, प्रदर्शनी, प्रभु वर्क संवाद, नमो मैराथन, पंडित दीनदयाल जयंती। सेवा पखवाड़ा में युवा मोर्चे को भी दो कार्यक्रम दिए गए हैं जिसमें एक कार्यक्रम रक्तदान शिविर का एवं दूसरा नमो मैराथन रहेगा। रक्तदान शिविर में युवा मोर्चे को दो चरणों में रक्तदान शिविर लगाकर अधिक से अधिक युवाओं एवं सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना है एवं साथ ही ब्लड डोनर का रजिस्ट्रेशन करवा के उन सब को रक्तदान के लिए संकल्प दिलवाना है एवं रक्तदाताओं को युवा मोर्चा द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया जाएगा। युवा मोर्चा द्वारा दूसरा कार्यक्रम नमो मैराथन का आयोजन करना है जिसमें प्रदेश के केवल 5 से 6 स्थान में ही युवा मोर्चा द्वारा तीन किलोमीटर की मैराथन का आयोजन करना है जिसमें गाजियाबाद महानगर को भी प्रदेश नेतृत्व द्वारा चुना गया है।

युवा मोर्चा द्वारा आयोजित यह मैराथन थीम बेस्ड रहेगा जैसे कि आत्मनिर्भर भारत या फिर फिट इंडिया या नशा मुक्त भारत। मैराथन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो चुके हैं एवं ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इस मैराथन में जोड़कर मैराथन करवाना सुनिश्चित करना है। मैराथन में भाग लेने के लिए युवा मोर्चा द्वारा खिलाड़ियों प्रोफेशनल्स स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को जोड़ना सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश मंत्री काजल त्यागी, पार्षद राहुल शर्मा, नितिन शर्मा, संदीप चौधरी, राम त्यागी, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, अभिजीत मुखर्जी, राहुल मावी, बिट्टू त्यागी, दीपक शर्मा, ओम राजपूत, पंकज लड्डू, अनुज कसाना, नवीन उप्पल, रोहित चौधरी दीपक मंडल, विहान मावी, आशु गुर्जर, सूरज सेन, लवनीश त्यागी, मोहित सिंह, रॉबिन भड़ाना, कृष्ण त्यागी, विवेक नागर, विहान मावी, विपिन त्यागी, डॉ नवीन उप्पल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वस्त्र तकनीक में टॉप करने पर राज्यपाल ने निट्रा के छात्र को किया स्वर्ण पदक से सम्मानित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने संजय नगर स्थित निट्रा टेक्निकल कैंपस के छात्र को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। निट्रा टेक्निकल कैंपस के निदेशक डॉ बी के शर्मा ने बताया कि छात्र साहिल ने वस्त्र तकनीक के बी टेक कोर्स में पूरे राज्य को टॉप किया। एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने साहिल को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। विश्व विद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में यह पुरस्कार दिया गया।

उन्होंने कहा कि साहिल ने यह उपलब्धि हासिल कर न केवल निट्रा टेक्निकल कैंपस का, बल्कि पूरे गाजियाबाद का नाम रोशन किया है। साहिल की यह उपलब्धि गाजियाबाद के सभी छात्रो के लिए प्रेरणास्पद है। निट्रा के महानिदेशक डॉ एम एस परमार ने साहिल की उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में एक उच्च स्तर का वस्त्र विशेषज्ञ बनने की कामना की। साहिल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और अध्यापकों को दिया।

## मोदी सरकार धन्ना सेठों की सरकार : हाजी आसिफ चौधरी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हाजी आसिफ चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार धन्ना सेठों की सरकार है। मोदी जी ने अपने स्वार्थ के कारण देश की जनता के टैक्स का पैसा अडानी अंबानी जैसे दोस्तों को दे दिया है। मोदी सरकार ने देश की जनता के हित में कोई भी कार्य नहीं किए हैं। यहां तक कि अपने शासनकाल में सिर्फ और सिर्फ जनता को लूटा है। जिस तरह से नेपाल में जनता प्रधानमंत्री के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रही है। उससे हम समझ सकते हैं कि अगर मोदी सरकार की यही नीति रही तो भारत देश की जनता भी विद्रोह के लिए खड़ी हो जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा जन विरोधी फैसले लिए हैं।

---

## जीएसटी दरों में बदलाव भाजपा का ऐतिहासिक कदमः ललित कश्यप



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव करके भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस बदलाव की सारे देश की जनता सराहना कर रही है। ललित कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जीएसटी दरों में बदलाव सराहनीय फैसला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भारत की आम जनता के पक्ष में जीएसटी की दरों में भारी कटौती की गई है। आम जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा और परिवार के उपयोग में लाई जाने वाली रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं से परिवार के बजट में भारी कटौती होगी। मैं केंद्र सरकार के इस साहसिक कदम की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं और मोदी सरकार के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करता हूं जिसने कि पांच दिवसीय त्योहार से पहले ही भारत देश की जनता को मोदी सरकार द्वारा अमूल उपहार दिया है।जीएसटी दरों में बदलाव भाजपा का ऐतिहासिक कदम : ललित कश्यप

# महिलाओं के कुंडल छीनने वाले आरोपी से दिनदहाड़े पुलिस मुठभेड़, एक गिरफ्तार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर के निर्देश पर थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने महिलाओं के कान के कुंडल छीनने और लूट की घटनाओं में शामिल आरोपी को पकड़ने के दौरान दिनदहाड़े मुठभेड़ की। पीड़ित कुलदीप दास ने शिकायत दर्ज कराई कि मोरटा में उनकी माँ से अज्ञात बाइक सवार ने रास्ते में कान का कुंडल छीन लिए थे। पुलिस गश्त के दौरान पुलिस ने कच्चे रास्ते में संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को देखा, जिसने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया और उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल गाजियाबाद भेजा गया।

## बदमाश पर दर्ज हैं 13 मुकदमें

**करंट क्राइम** : एसीपी ने बताया है कि आरोपी शाहिद पर गाजियाबाद, गौतम बद्धनगर औरा मेरठ के अलग-अलग थानों में कुल 13 मामले (चोरी और लूट) के दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने मोरटा क्षेत्र में एक महिला से कान का कुंडल छीनकर लूटा था। एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने बताया है कि इस मामले में और जांच की जा रही है।

# सपा मजदूर सभा ने की मजदूरों की हालत पर चर्चा



गाजियाबाद करंट क्राइम। लोनी में समाजवादी पार्टी मजदूर सभा की एक बैठक में मजदूरों की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष हाजी नासिर अंसारी के कार्यालय में आयोजित बैठक में सपा मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव कमरुददीन सैफी ने कहा कि आज मजदूरों की हालत बेहद खराब है। मजदूरों को रोटी-रोजगार के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

सरकार पूंजीपतियों के हितों को साध रही है और श्रमिकों की अनदेखी कर रही है। समाजवादी महिला सभा की प्रदेश महासचिव यासमीन कौसर ने कहा कि संविधान ने उद्योगों में श्रमिकों को लाभ में भागीदारी सुनिश्चित की है, लेकिन अब आवश्यकता श्रमिक वर्ग की सत्ता में भागीदारी की है। जिला अध्यक्ष हाजी नासिर अंसारी ने कहा कि इस सरकार में शोषण करने वालों के खिलाफ कामगारों को एकजुट होना होगा। इस मौके पर कमेटी का विस्तार किया गया। जिला उपाध्यक्ष नईम अंसारी, लोनी विधान सभा अध्यक्ष शबीना बेगम, विधान सभा उपाध्यक्ष सकीना, विधान सभा सचिव आशमा खातून और नगर अध्यक्ष लोनी अकरम मुखिया को बनाया गया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।